उज्जैन
बुधवार
22
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-259
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर के टंट्या भील चौराहे में स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

7 आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक पोरेल पर रेप का आरोप

## राम मंदिर ट्रस्ट को आज मिलेगा नया महासचिव

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद बुधवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की दूसरी अहम बैठक होगी। इसमें महासचिव समेत ट्रस्ट में खाली पड़े 3 पदों पर नए ट्रस्टियों के नामों का ऐलान हो सकता है। कार्यवाहक महासचिव कृष्ण मोहन और विश्व हिंदू परिषद के महासचिव बजरंगलाल बागड़िया स्थाई महासचिव की रेस में सबसे आगे हैं। शाम 4 बजे होने वाली बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास करेंगे। कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि, शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती अयोध्या पहुंच चुके हैं। 6 जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए थे। रिटायर आईएफएस अफसर कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। चंपत राय और अनिल मिश्रा ने 26 जून को इस्तीफा दे दिया था।

## अमेरिका ने ईरान के पांच शहरों पर बम बरसाए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को निशाना बनाया गया। सीजफायर टूटने के बाद यह लगातार 11वीं रात है, जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान के संदिग्ध परमाणु ठिकाने पिकएक्स माउंटेन पर बहुत जल्द और बहुत भारी हमला कर सकता है। ट्रम्प की इस चेतावनी के जवाब में ईरान ने कहा कि यदि हमले जारी रहे तो वह क्षेत्र में युद्ध का दायरा और बढ़ा सकता है।

## मारुति की कारें अगस्त से 30,000 रुपये तक महंगी हो जाएंगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी पैसेंजर वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने अपने सभी मॉडल्स की कीमतों में बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है। कंपनी अपनी कारों के दाम 30,000 रुपए तक बढ़ाएगी। नई कीमतें अगस्त 2026 से लागू होंगी। कंपनी ने 21 जुलाई, मंगलवार को शेयर बाजारों को भेजी जानकारी यानी रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के हिसाब से अलग-अलग दाम बढ़ाए जाएंगे। कंपनी ने बताया कि लगातार बढ़ रही इनपुट कॉस्ट यानी लागत बढ़ने की वजह से यह फैसला लेना पड़ा है। पिछले कुछ महीनों में कंपनी ने अपने स्तर पर लागत घटाने की कोशिश की, ताकि ग्राहकों पर सीधा असर न पड़े।

## हूती विद्रोहियों की धमकी, भारत-चीन के टैंकरों ने रास्ता बदला

**तेल अवीव।** सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर भारत और चीन जा रहे दो तेल टैंकरों ने मंगलवार को रेड सी (लाल सागर) में यू-टर्न लेकर अपना रास्ता बदल लिया। दोनों जहाज बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद वापस स्वेज नहर की ओर मुड़ गए। दरअसल, हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर की शिपिंग कंपनियों को ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि सऊदी अरब के किसी भी बंदरगाह पर माल लादने या उतारने वाले जहाजों को उनकी सैन्य पहुंच के भीतर कहीं भी निशाना बनाया जा सकता है। रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें से एक सुपर टैंकर 'शिन लॉन्ग यांग' सोमवार को सऊदी अरब के यनबू बंदरगाह से करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर चीन के लिए रवाना हुआ था।

## जापान में राजा अब दूर के रिश्तेदारों को गोद लेंगे

**टोक्यो।** जापान की संसद ने 17 जुलाई को शाही परिवार के उत्तराधिकार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव किया। नए कानून के तहत अब शाही परिवार 15 साल या उससे अधिक उम्र के दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेकर दोबारा शाही परिवार में शामिल कर सकेगा। इसके अलावा, अब शाही परिवार की महिलाएं किसी आम नागरिक से शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा और आधिकारिक जिम्मेदारियां नहीं खोएंगी। हालांकि, सबसे अहम नियम नहीं बदला गया। जापान में अब भी सिर्फ पुरुष ही सम्राट बन सकते हैं। यानी सम्राट नारुहितो की इकलौती बेटी राजकुमारी आइको भविष्य में भी सिंहासन की उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगी। जापान का शाही परिवार दुनिया का सबसे पुराना लगातार चला आ रहा राजवंश माना जाता है, लेकिन आज वह उत्तराधिकार के गंभीर संकट से जूझ रहा है।

## बागियों पर ममता बोलीं- सारे चोर भाजपा में चले गए

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी मंगलवार को कोलकाता में आयोजित शहीद दिवस रैली में बागियों पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा- सारे चोर मुझे छोड़कर बीजेपी में चले गए। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने टीएमसी के चुनाव चिह्न पर जीत हासिल की और फिर मेरी पीठ पर खंजर घोंप दिया। मैं इन लोगों को अपनी पार्टी में कभी वापस नहीं लूंगी। अपने संबोधन में ममता बनर्जी ने बीजेपी नेता और राज्य के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी पर राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल कर टीएमसी को कमजोर करने का आरोप लगाया।

# जंतर-मंतर पर लगातार तीसरी रात हजारों प्रदर्शनकारी जुटे

## हिरासत में लिए कॉकरोच पार्टी के सभी समर्थक रिहा, दावा- नड्डा-जितेंद्र सिंह मेदांता में वांगचुक से मिले

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन का आज 33वां दिन है। जंतर-मंतर पर मंगलवार को लगातार तीसरी रात भी हजारों प्रदर्शनकारी डटे रहे। इनमें 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान पुलिस की लाठियों, आंसू गैस के गोलों का शिकार हुए लोग भी शामिल थे।

सीजेपी ने बताया कि संसद मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया गया है, जिसके बाद पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर चल रहा धरना खत्म कर दिया गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि अब हम सरकार के पास नहीं जाएंगे। बातचीत करनी है तो सरकार जंतर-मंतर आए।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह मंगलवार देर रात गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से मिले। वांगचुक 28 जून से अनशन पर हैं और दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर उन्हें मंगलवार को सफदरजंग अस्पताल से मेदांता में भर्ती कराया गया है।



### सीजेपी प्रदर्शन में उपद्रव करने वालों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की सख्त कार्रवाई, अब तक नौ एफआईआर

सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनकारी छात्र इन दिनों अडिग संकल्प का प्रतीक बने हुए हैं। सोमवार को हुए कथित पथराव, लाठीचार्ज और आंसू गैस के बाद भी प्रदर्शनकारियों का हौसला नहीं टूटा। अगले दिन वे दुगुनी ऊर्जा के साथ जंतर-मंतर पहुंचे, जहां उन्होंने रातोंरात मंच फिर से खड़ा कर आंदोलन को नई जान दी। वहीं, दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के संसद मार्च के दौरान जमकर उपद्रव करने के मामले में अब तक नौ एफआईआर दर्ज की हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन के दौरान आरएएफ जवानों पर हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने नौ एफआईआर दर्ज कीं। दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा आरएएफ कर्मियों का पीछा करने और उन पर हमला करने का वायरल वीडियो सामने आने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

### जेएनयू छात्र संघ ने निकाला आक्रोश मार्च

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने मंगलवार रात को बराक हॉस्टल से लेकर गंगा ढाबा तक आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च जंतर-मंतर पर संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने, आंसू गैस के गोले छोड़ने और कथित पैलेट गन के इस्तेमाल के विरोध में निकाला गया। छात्र संघ ने मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया। छात्र संघ ने मार्च में हुई पुलिस बर्बरता के विरोध नारेबाजी की और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। जेएनयू छात्र संघ ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई के चलते एक हजार से ज्यादा छात्र अलग-अलग अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती हुए।

**सावन में आस्था, साधना और शिव भक्ति का अद्भुत संगम**

## 30 जुलाई से महाकाल की नगरी में गूंजेगा हर-हर महादेव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवाधिदेव महादेव की नगरी उज्जैन में सावन का आगमन केवल एक माह का प्रारंभ नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के विराट पर्व का शुभारंभ होता है। इस वर्ष 30 जुलाई 2026 से सावन मास की शुरूआत होने जा रही है। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगेगी और संपूर्ण उज्जैन नगरी हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंज उठेगी।

सावन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना गया है। इस पवित्र महीने में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक और रुद्राभिषेक करते हैं।



देशभर से श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है और महाकाल की नगरी में यह महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

- **महाकाल की सवारी : भक्ति और परंपरा का अद्भुत उत्सव-** सावन मास में भगवान महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलते हैं। सदियों पुरानी यह परंपरा आज देश-दुनिया में उज्जैन की विशिष्ट पहचान बन चुकी है। महाकाल की सवारी में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। सवारी मार्ग पर श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए घंटों प्रतीक्षा करते हैं और जैसे ही पालकी आगे बढ़ती है, वातावरण बाबा महाकाल की जय के जयघोष से गूंज उठता है।
- **सावन : शिव भक्ति के साथ आत्मशुद्धि का अवसर-** सावन केवल बाहरी पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का भी अवसर है। भगवान शिव त्याग, तपस्या, करुणा और समभाव के प्रतीक हैं। सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ यदि मन में अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और नकारात्मकता का त्याग किया जाए तो यही सच्ची शिवभक्ति होगी। उज्जैन में सावन का माहौल अपने आप में अद्भुत होता है। मंदिरों में विशेष पूजन, शिवालयों में अभिषेक, धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन होता है। गली-मोहल्लों से लेकर महाकाल मंदिर परिसर तक हर ओर शिव भक्ति का रंग दिखाई देता है।

### महाकाल की नगरी में सावन का आध्यात्मिक वैभव

उज्जैन की पहचान केवल एक प्राचीन धार्मिक नगरी के रूप में नहीं, बल्कि भगवान महाकाल की जीवंत नगरी के रूप में है। यहां सावन में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन नहीं करता, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव लेकर लौटता है। महाकाल की भस्म आरती, मंदिरों में गूंजते मंत्र, शिप्रा तट की आध्यात्मिक शांति और सवारी का भव्य दृश्य सावन को अविस्मरणीय बना देते हैं। 30 जुलाई से शुरू होने वाला सावन उज्जैन में आस्था का महासागर लेकर आएगा। आने वाले दिनों में महाकाल की नगरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा और हर दिशा से एक ही स्वर सुनाई देगा—ह्यहर-हर महादेव... जय श्री महाकाल!

**राहुल का धरना, डिटेंशन सेंटर से वीडियो जारी किया**

## प्रधान-शाह का इस्तीफा मांगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुआई में विपक्ष ने मंगलवार को पीएम आवास 7, लोक कल्याण मार्ग के पास धरना दिया। इसमें राहुल, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव समेत कई नेता शामिल हुए।

केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राहुल गांधी व अन्य विपक्षी नेताओं से बात की, पर वे नहीं माने। देर शाम, राहुल, प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया गया, जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। रात 9.30 बजे इन्हें छोड़ दिया गया।

राहुल ने छत्रसाल स्टेडियम में बने डिटेंशन सेंटर से वीडियो जारी कर कहा- पूरा विपक्ष चाहता है कि इस मुद्दे पर लोकसभा-राज्यसभा में चर्चा हो और हम अपनी बात कह सकें। उन्होंने कहा- धर्मेंद्र प्रधान और अमित शाह इस्तीफा दें और सरकार स्टूडेंट्स से माफी मांगें। वहीं छात्रों पर लगे पुलिस केस हटाया जाए और उन पर लाठीचार्ज करने वालों पर एक्शन लिया जाए।

संसद के मानसून सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। लोकसभा और राज्यसभा में आज नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। राहुल ने भी इसको लेकर कल लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की।

## ट्रम्प ने अमेरिका में जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ लगाया

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जेनेरिक दवाओं के आयात पर नई टैरिफ नीति की घोषणा की है। ट्रम्प ने कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आयात होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो वर्षों तक कोई टैरिफ नहीं लगेगा। इसके बाद 2028 से एक साल के लिए 100% और फिर 200% आयात शुल्क लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस नीति का मकसद दवा कंपनियों को अमेरिका में ही मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जो कंपनियां तय समय में अमेरिका में उत्पादन शुरू नहीं करेंगी, उन्हें ऊंचे टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला अमेरिकी नागरिकों के हितों की रक्षा और देश में दवा निर्माण बढ़ाने के लिए लिया गया है। हालांकि पेटेंट, ब्रांडेड और इनोवेटिव दवाओं पर लागू मौजूदा नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## फर्जी 10वीं-12वीं की मार्कशीट बनाने वाला गिरोह पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की शाहदरा स्पेशल स्टाफ ने फर्जी 10वीं और 12वीं की मार्कशीट और सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, प्रिंटर, दो फर्जी मार्कशीट और दस्तावेज तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, 30 जून को सूचना मिली थी कि शाहदरा का रहने वाला नवनीत त्यागी फर्जी सर्टिफिकेट और मार्कशीट तैयार कर बेचता है।

**सिक्किम में टनल पर लैंडस्लाइड**

## 20 मजदूरों के शव मिले





ब्रह्मास्त्र ›› गंगटोक

सिक्किम में एनएचपीसी के हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की टनल में फंसे 25 में से 20 मजदूरों के शव मंगलवार देर रात बरामद कर लिए गए। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटीं टीमें देर रात तक बाकी पांच मजदूरों तक नहीं पहुंच पाईं। ये मजदूर टनल में अलग-अलग पॉइंट पर फंसे थे। टीमें इन तक पहुंचने के लिए 24 घंटे से मशक्कत कर रही थीं, लेकिन टनल में मीथेन गैस भरी होने के चलते कई बचावकर्मी बेहोश हो गए।

यह आदित-3 टनल है, जो नामची जिले के समरडुंग-झोलुंगय में बन रहे तीस्ता स्टेज-6 प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इसे पटेल इंजीनियरिंग कंपनी बना रही थी।

**5 अब भी फंसे, टनल में मीथेन गैस भरी, बचावकर्मी बेहोश हुए**

### 40 मिनट ही चल पा रहा एक ऑक्सीजन सिलेंडर

पानी के तेज बहाव के लिए दो समानांतर टनल बन रही हैं। इनकी लंबाई 5-5 किलोमीटर है। हादसा फेस-4बी के हिस्से में हुआ। मीथेन के साथ छत से गिरा मलबा सिर्फ यहीं भरा हुआ है। यह गैस ऑक्सीजन खत्म कर देती है। इसमें सांस नहीं ले सकते। मजदूर टनल के एंट्री गेट से लगभग 1.5 किमी अंदर फंसे हुए हैं। बाकी हिस्सा सुरक्षित। 8-8 लोगों की टीम बारी-बारी से अंदर जा रही है। एक राहतकर्मी एक ऑक्सीजन सिलेंडर सिर्फ 40 मिनट चलता है। सिलेंडर खत्म होने से पहले उसे लौटना पड़ रहा। यही दिक्कत है। ब्लास्ट-प्रूफ ब्लोअर्स और वेंटिलेशन पाइपों से बाहर की ताजी हवा अंदर भेजी जा रही है ताकि गैस का असर कम हो सके।



## खबर एक नजर...

### महाकाल वाणिज्य केंद्र में आयोजित शिविर में विभिन्न रोगों के चिकित्सकों ने दी सेवाएं

**उज्जैन।** महाकाल वाणिज्य केंद्र सी-6/14 स्थित अक्षरा किड्स एकेडमी में मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चले इस शिविर में शहर और आसपास के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया और आवश्यक परामर्श लिया।

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, नेत्र चिकित्सक, आयुर्वेदिक चिकित्सक, आहार विशेषज्ञ और एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट ने मरीजों की जांच की। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली, नियमित व्यायाम, योग और रोगों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्था की प्राचार्या डॉ. श्वेता तोमर ने बताया कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना भी संस्था का दायित्व है। भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सकों और सहयोगियों का सम्मान किया गया। शिविर का लाभ उठाने पहुंचे नागरिकों ने संस्था की इस सेवा भावना की सराहना की।

### कबीर के दर्शन से ही समरस समाज का निर्माण संभव

**उज्जैन।** अखिल भारतीय बलाई महासभा के तत्वावधान में स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर में सतगुरु कबीर ज्ञान संगोष्ठी, भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समागम में देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों कबीर अनुयायियों, सामाजिक चिंतकों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संत कबीर के संदेशों पर वैचारिक मंथन के साथ ही समाज के गौरवशाली व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दूदू राजस्थान के पूर्व विधायक ने कहा कि संत कबीर दास का दर्शन ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर मानवता का मार्ग दिखाता है। आज समाज को शिक्षित, संगठित और व्यसनमुक्त होने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और आगर के पूर्व विधायक लालजी राम मालवीय ने समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक चेतना जाग्रत करते हैं। महासभा के मध्य प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने संगठन की मजबूती और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जितेन्द्र खारडिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललिता मालवीय, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश लाखीवाल, राजस्थान प्रदेश प्रभारी राजकुमार वर्मा, राष्ट्रीय सचिव हेतराम बुनकर, राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल मालवीय और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव आकाश महरानिया विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रांतीय व जिला पदाधिकारियों ने सभी विशिष्ट अतिथियों का साफा पहनाकर और शॉल-श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

### खुशियों का बाजार में 10 रुपए में साड़ी-सूट और 5 में मिल रहे बच्चों के कपड़े

**उज्जैन।** सेवा, संवेदना और सामग्री के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में 'खुशियों का बाजार' शुरू किया गया है। देवास गेट बस स्टैंड के ऊपर स्थित महावीर भोजनशाला में महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र उज्जैन और बीबा स्टोर्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में यह बाजार लगाया गया है। यहां जरूरतमंदों को सम्मान राशि के रूप में मात्र 10 रुपए में बड़े कपड़े, साड़ी, सलवार सूट, जींस और 5 रुपए में बच्चों के कपड़े, खिलौने, पानी की बोतल व बैग उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यह खुशी वितरण सेवा वस्त्रों और अन्य सामग्री के उपलब्ध रहने तक निरंतर जारी रहेगी। 1 जुलाई से शुरू हुए इस अनूठे अभियान के शुभारंभ अवसर पर संस्था अध्यक्ष अनीता जैन, शकुंतला गादिया, मलका हिंगड़, उर्मिला भण्डारी और प्रेमलता सिरोलिया ने अनेक लोगों को वस्त्र वितरित किए। खुशियों के बाजार के इस आयोजन में प्रत्यक्ष उपस्थित होकर अशोक भण्डारी, राजेन्द्र सिरोलिया, राजेन्द्र हींगड, सुशील जैन और निर्मल गादिया ने संवेदना के इस पवित्र सेवा कार्य के लिए केंद्र की सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

### गुप्त नवरात्रि पर श्री अग्रवाल जैसीस ने निकाली सनातन धर्म यात्रा

**उज्जैन।** क्षेत्र में अच्छी वर्षा और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री अग्रवाल जैसीस द्वारा सनातन धर्म यात्रा निकाली गई। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल और वरिष्ठ समाजसेवी सरोज अग्रवाल ने मंगलनाथ मार्ग से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि यात्रा उज्जैन से प्रारंभ होकर सबसे पहले आगर स्थित बैजनाथ महादेव पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने शिवजी का अभिषेक और पूजन किया। इसके पश्चात यात्रा नलखेड़ा के लिए रवाना हुई, जहां मां बगलामुखी को चुनरी अर्पित कर अंचल में अच्छी बारिश व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई।

### राहुल और प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी पर उज्जैन में उग्र प्रदर्शन

# टॉवर चौक पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूंका प्रधानमंत्री मोदा का पुतला, केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं को हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही उज्जैन में कांग्रेसी कार्यकताओं का आक्रोश फूट पड़ा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने टॉवर चौक स्थित भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचकर उग्र प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी का पुतला दहन किया।

दिल्ली में पुलिस कार्रवाई के दौरान राहुल गांधी को चोट लगने और हिरासत में लिए जाने की सूचना से स्थानीय कार्यकताओं का गुस्सा और भड़क गया। इसके विरोध में बड़ी संख्या में कांग्रेसी टॉवर चौक पर दो घंटे से अधिक समय तक डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' और 'नरेंद्र मोदी हाय-हाय' के नारे लगाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, अजीत सिंह ठाकुर, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, सुनील कछवाय, रूपेश लश्करी, अभिषेक शर्मा, संचित शर्मा, अर्पित यादव, फिरोज पठान, अनवर नागोरी, यश जैन, रंजीत बोड़ाना, धर्मेंद्र सिसोदिया, जाहिद हुसैन, वीरेंद्र गोसार, मनीष गोमे, इमरान खान, चेतन भाट, लकी ठाकुर, राहुल लोट, ललित मीणा, देवेंद्र पाटनी, मनीष शर्मा, असलम चूड़ीवाले, रमेश सांखला, राहुल चौधरी, छोटेलाल मंडलोई, आनंद मीणा, दीनू बड़ोदिया और आबिद खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घट यात्रा और ध्वजारोहण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान शुरू

### 29 जुलाई तक मनेगा अष्टानिका महापर्व, लक्ष्मी नगर जैन मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दिगंबर जैन समाज का अष्टानिका महापर्व मंगलवार से उल्लास के साथ शुरू हो गया है। इसके तहत लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में घट यात्रा, ध्वजारोहण और मंडल शुद्धिकरण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की शुरूआत हुई। यह महापर्व 21 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा।

समाज सचिव सचिन कासलीवाल और मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं। पहले दिन घट यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं एक जैसे वस्त्र पहनकर सिर पर कलश व झंडा लिए चल रही थीं, वहीं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में शामिल हुआ। घट यात्रा के बाद मुनि के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। विधानाचार्य ने मंडल शुद्ध कर विधान की स्थापना की, जिसमें चारों दिशाओं में अलग-अलग रंगों की झंडियां लगाकर विधान का सकलीकरण किया गया।



अष्टानिका महापर्व के प्रथम दिन मुनि प्रणीत सागर महाराज ने पर्व, ध्वजारोहण और विधान का महत्व बताया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जो श्रद्धालु इन दिनों के महत्व को समझकर धर्म लाभ लेता है, उसका जीवन सार्थक हो जाता है और उसे सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त होती है। विधान में प्रतिदिन भगवान को अर्घ चढ़ाए जाएंगे।

मंदिर में प्रतिदिन सुबह नित्य नियम पूजा के साथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, विधान, मुनि के प्रवचन और आहारचर्या संपन्न हो रही है। मंगलवार दोपहर मुनि के सानिध्य में 1008 लौंग से सिद्ध मंत्रावली का विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया, जिसमें मुनि ने मंत्रों का महत्व और विधि समझाई।

#### विधान के लिए मुख्य पात्रों का हुआ चयन

विधान के सुचारू संचालन के लिए मुख्य पात्रों का चयन किया गया, जिसमें सौधर्म इंद्र बोनी रेणु जैन, महेंद्र इंद्र उषा जैन, सनत इंद्र सुशीला संजय सचिन कासलीवाल, ईशान इंद्र शोभा अशोक जैन, यज्ञ नायक कल्पना अनिल जैन ट्रांसपोर्ट और श्रीपाल-मैना सुंदरी देवेंद्र सपना सिंघाई को बनाया गया। आयोजन में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट और चातुर्मास समिति के संयोजक मनोज जैन, सह संयोजक अशोक जैन व लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल दोषी सहित सभी ट्रस्टियों का विशेष सहयोग रहा। ट्रस्ट और चातुर्मास समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में विधान और कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

### आयुर्वेद से मिला निःसंतानता और थायराइड से छुटकारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुराने और असाध्य रोगों से परेशान मरीजों के लिए क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में चल रहे पांच दिवसीय निशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श आयुर्वेद शिविर का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। 20 से 24 जुलाई तक चलने वाले इस शिविर में महाकाल वन मेले में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ संतोष आनंद जायसवाल मरीजों का निशुल्क नाड़ी परीक्षण कर उपचार कर रहे हैं। शिविर में सुबह 9 से रात 9 बजे तक सेवाएं दी जा रही हैं।

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालना है। इसके अलावा लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर और चर्म रोग जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जा रहा है। महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ ही बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए विशेष दवाएं भी उपलब्ध हैं। आयोजकों ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर उज्जैन में हर महीने की 20 से 24 तारीख तक नियमित रूप से लगाया जाता है।

## माधव कॉलेज में शोध प्रविधि पर सेमिनार, बताए गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के गुर

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के भूगोल विभाग का आयोजन, विद्यार्थियों ने जानी वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध की बारीकियां

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय माधव महाविद्यालय) के भूगोल विभाग द्वारा 'सामाजिक विज्ञान संकाय में शोध प्रविधि का अनुप्रयोग' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों और गुणवत्तापूर्ण शोध के महत्व से अवगत कराया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में आगर मालवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. डी.पी. चतुर्वेदी उपस्थित थे। उन्होंने शोधार्थियों को शोध प्रविधि के विभिन्न आयामों, शोध समस्या के चयन, परिकल्पना निर्माण और आंकड़ों के संकलन व विश्लेषण पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। डॉ. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से शोध कार्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मौलिकता और अनुसंधान नैतिकता अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की अध्यक्ष प्रो. ज्योति उपाध्याय ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध संस्कृति को सुदृढ़ करने और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### प्रश्नोत्तर सत्र में शांत की जिज्ञासाएं, ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य मंसूर खान ने भी शोधार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यार्थियों को अनुसंधान के प्रति गंभीर एवं समर्पित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में एक प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से अपनी शोध संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नूतन पंवार ने किया तथा अंत में आभार डॉ. गणेश राठौर ने माना। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कमल बंगरिया सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## परफेक्शन से ज्यादा आत्मविश्वास है सफलता का मंत्र, असफलताओं से डरे बिना काम करें युवा

### सम्राट विक्रमादित्य विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एनजीएमएफटी-2026 का आगाज, एयरोस्पेस वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. शुभा अयंगर ने दिया गुरुमंत्र

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जीवन में आने वाली असफलताओं और चुनौतियों का निडर होकर सामना करते हुए लगन से काम करना ही सफलता का मूल मंत्र है। पूर्णता (परफेक्शन) से ज्यादा आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है। यह बात भारत की प्रसिद्ध एयरोस्पेस वैज्ञानिक और पद्मश्री डॉ. शुभा अयंगर ने कही। वे मंगलवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं संकाय विकास कार्यक्रम (एनजीएमएफटी-2026) के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

इस दौरान डॉ. अयंगर ने विद्यार्थियों और युवा शोधार्थियों के साथ भारत की पहली स्वदेशी रनवे दृश्यता मापक प्रणाली 'दृष्टि' के विकास की अपनी यात्रा भी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल रटने का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय और वैश्विक समस्याओं के समाधान का केंद्र बनने चाहिए। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए वैज्ञानिक नवाचार और युवा प्रतिभाओं को उद्योगों व आधुनिक शोध से जोड़ना आवश्यक है।

तकनीकी सत्रों में देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने किया मंथन

पांच दिवसीय यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन रसायन एवं बायोकेमिस्ट्री, भौतिकी अध्ययनशाला और इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा आईआईटी इंदौर के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन में 130 से अधिक विशेषज्ञों ने पंजीयन कराया है। तकनीकी सत्रों में डीआरडीओ के वैज्ञानिक डॉ. दिब्येंदु बाग ने 'नेक्स्ट जनरेशन मैटेरियल्स' और सीएसआईआर-एम्परी भोपाल की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अर्चना बाजपेयी ने 'इलेक्ट्रोकैटलिस्ट फॉर हाइड्रोजन जनरेशन' पर व्याख्यान दिए। शोधार्थियों द्वारा 10 मौखिक और 10 पोस्टर प्रस्तुतियां भी दी गईं।

सम्मेलन के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के लिए विशेष 'लैब विजिट' आयोजित की गई। इसमें ऑक्सफोर्ड, उत्कृष्ट, नारायणा, उज्जैन पब्लिक स्कूल, कार्मेल कॉन्वेंट, मॉडल स्कूल, आरके बंसल और सेंट थॉमस स्कूल के 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कॉलर्स के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, फ्लेम फोटोमीटर, आयन एक्सचेंज क्रोमैटोग्राफी तथा फॉरेंसिक साइंस के अत्याधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली को समझा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधारोपण के साथ पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान

# भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का हुआ सत्कार, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास रोड स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एल्युमिनी क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पूर्व विद्यार्थी हितेश नागदेव का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंटकर विशेष सम्मान किया गया।

समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य आरसी गुप्ता, पूर्व निगम सभापति प्रकाश चित्तौड़ा और सोनू गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने एल्युमिनी क्लब के सामाजिक और जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें वर्तमान



विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होती है। क्लब का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक सूत्र में जोड़कर महाविद्यालय के विकास में सहयोग करना और नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना है। इस अवसर पर संस्था के सभी विद्यार्थियों ने वचन पत्र के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की सहमति दी।

कार्यक्रम का संचालन क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. मनोज राठौर ने किया। समारोह में क्लब अध्यक्ष इंजी. संदीप जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, महामंत्री सचिन गौसर, इंजी. मुकेश शिंदे, इंजी. विकास पुरबिया, इंजी. धर्मेंद्र शर्मा, इंजी. अतुल तिवारी, प्लेसमेंट अधिकारी मोइज कॉन्ट्रेक्टर, क्रीड़ा अधिकारी सुरेश जीनवाल, सुरेश अहिरवार, अभिषेक श्रीवास्तव और प्रोफेसर मनोज हिंगे सहित बड़ी संख्या में पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में क्लब के सहसचिव आकाश पांडे ने आभार माना।

## निगम संपत्तियों को दूसरे विभागों को सौंपने पर उठे सवाल

### नेता प्रतिपक्ष के कड़े रुख के बाद सड़क चौड़ीकरण प्रभावितों के मुआवजे को मिली स्वीकृति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम सम्मेलन में जनसमस्याओं और निगम की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने सड़क चौड़ीकरण के लिए 200 करोड़ के ऋण, बिना परिषद की स्वीकृति के टेंडर जारी करने और निगम की महत्वपूर्ण संपत्तियों को दूसरे विभागों को सौंपने के विरोध में सत्तापक्ष को आड़े हाथों लिया। विपक्ष के कड़े विरोध और तर्कों के बाद सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित पट्टेधारियों को मुआवजा देने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई।

सड़क चौड़ीकरण में प्रभावितों को मुआवजे के मुद्दे पर परिषद में तीखी बहस हुई। सत्तापक्ष द्वारा पट्टेधारियों को मुआवजा देने का विरोध किया जा रहा था। इस पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रभावितों को पट्टा सरकार ने ही दिया था। यदि विकास कार्यों में उनके मकान टूट रहे हैं, तो उन्हें मुआवजे में सबसे पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कांग्रेस पार्षदों के पुरजोर समर्थन और दबाव के बाद अंततः पट्टेधारियों को मुआवजा देने की स्वीकृति प्रदान की गई। कांग्रेस ने सड़क चौड़ीकरण के कार्यों में टीडीआर क्रय और पुनः विक्रय के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न बैंकों से 200 करोड़ रुपए का ऋण लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। इसके अलावा परिषद की स्वीकृति और पार्षदों की जानकारी के बिना सीबीजी प्लांट को पीपीपी मोड पर स्थापित करने और देवास रोड स्थित स्विमिंग पूल को ठेके पर देने के लिए टेंडर जारी करने पर भी सत्तापक्ष को घेरा। विपक्ष ने निगम के कार्यों में पारदर्शिता न होने का आरोप लगाया।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

**अर्थः** समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से जादा पावनकारी और कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### झाबुआ के छात्र की इंदौर हाई कोर्ट में याचिका

**इंदौर।** नीट-यूजी 2026 के रिजल्ट में अंकों के अंतर का मामला अब मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ पहुंच गया है। झाबुआ के छात्र लोकेन्द्र सिंह खड़िया ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ याचिका दायर कर दावा किया है कि उसकी ओएमआर शीट और उत्तर कुंजी के आधार पर 305 अंक बनते हैं, लेकिन अंतिम परिणाम में उसे सिर्फ 64 अंक दिए गए, जिससे उसका मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रभावित हो रहा है। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने एनटीए से ओएमआर शीट से संबंधित दस्तावेज कोर्ट के प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। याचिका के अनुसार छात्र ने 21 जून 2026 को आयोजित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा दी थी। 14 जुलाई को ठळअ की वेबसाइट पर लॉगिन करने पर पहली बार उसकी ओएमआर शीट में भौतिकी और रसायन विज्ञान के उत्तर रिक्त दिखाई दिए। बाद में दोबारा लॉगिन करने पर दूसरी ओएमआर शीट मिली, जिसमें सभी उत्तर दर्ज थे। छात्र ने इसे ऑनलाइन सिस्टम की तकनीकी खामी बताया है। छात्र के अनुसार दूसरी ओएमआर शीट के आधार पर भौतिकी में 104, रसायन विज्ञान में 125 और जीव विज्ञान में 76 अंक बनते हैं। उसने ठळअ से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में ओएमआर शीट, मूल्यांकन प्रक्रिया और अंक गणना के स्वतंत्र सत्यापन की मांग की गई है। छात्र ने कहा है कि वह पुनर्मूल्यांकन नहीं, बल्कि रिकॉर्ड में हुई तकनीकी विसंगति को सुधारने की मांग कर रहा है।

### वीआईपी नंबरों का क्रेज कम, हर सीरीज में 225 से ज्यादा नंबरों का कोई खरीदार नहीं

**इंदौर।** वाहनों के वीआईपी नंबर लेने के लिए लोगों में क्रेज कम होता जा रहा है। सिर्फ 0001, 0002, 0007 व 9999 जैसे कुछ वीआईपी नंबरों के लिए लोग लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं, लेकिन 1717, 5151, 2121 जैसे अन्य स्पेशल नंबरों को पर्याप्त खरीदार नहीं मिल रहे हैं। ये नंबर या तो बेस प्राइज पर बिक रहे हैं या हर बार बच रहे हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चार साल में ऐसे 19 हजार से ज्यादा नंबर नहीं बिक सके हैं। दरअसल, परिवहन विभाग ने हर नई सीरीज में 419 नंबरों को खास नंबर की श्रेणी में रखा हैं। इन्हें हर सप्ताह ई-नीलामी (ऑक्शन) के जरिए बेचा जाता है। इनमें से औसत 225 से ज्यादा नंबरों को कोई खरीदार नहीं मिल पाता है। 0001 नंबर एक बार 14 लाख रुपए तक में बिका सबसे खास माने जाने वाला 0001 नंबर ई-ऑक्शन में एक बार सबसे हाई-प्राइज पर 14 लाख रुपए तक में भी बिका था। ज्यादातर मौके पर यह नंबर 3 से 5 लाख में बिका है। एक बार जब फोर व्हीलर में किसी ने यह नंबर नहीं लिया तो टू-व्हीलर में यहीं नंबर 10 हजार रुपए में भी अलॉट हुआ था। उधर, आरटीओ प्रदीप शर्मा ने कहा ई-ऑक्शन में जो नंबर नहीं बिक रहे हैं, उनका निर्णय शासन स्तर पर होगा। इनके नंबरों के खरीदार कम 1717, 7171, 5151, 4141 और 2121, 5454, 4242 सहित अन्य नंबर।

### इंदौर में डॉक्टर का 90 साल पुराना मकान तोड़ा

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम ने डॉक्टर के करीब 90 साल पुराने मकान को जमींदोज कर दिया। मंगलवार को ये कार्रवाई जूना कसेरा बाखल में हुई। पोकलेन मशीन लेकर निगम का अमला पहुंचा। मशीन के एक ही पंजे में वहां धूल का गुबार उड़ने लगा। नगर निगम लगातार जर्जर मकानों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में आज ये कार्रवाई की गई। ये मकान करीब 90 साल पुराना हो चुका था और काफी जर्जर हालत में था। बारिश में जर्जर मकान गिर ना जाए और कोई घटना ना हो जाए, इसे देखते हुए कार्रवाई की गई। नगर निगम ने कई ऐसे जर्जर मकानों को चिह्नित किया है। कई ऐसे जर्जर मकान है, जिन्हें पूर्व में भी तोड़ा जा चुका है। बिल्डिंग ऑफिसर पल्लवी पाल ने बताया कि निगम आयुक्त के आदेश पर जोन नंबर 3 में जूनी कसेरा बाखल में डॉ. प्रमोद साकी का मकान 80-90 साल पुराना था, जिस पर आज रिमूवल की कार्रवाई की गई। निगम का अमला पोकलेन मशीन लेकर यहां पहुंचा। सुरक्षा की दृष्टि से निगम ने आवाजाही भी बंद कर दी थी। वहीं आसपास के लोगों को भी टीम ने अलर्ट कर दिया था। जिसके बाद निगम ने कार्रवाई की।

### राहत की बारिश:दिनभर चला रिमझिम का दौर, कई क्षेत्रों में झमाझम

**इंदौर।** शहर में मंगलवार सुबह से ही राहत की बारिश शुरू हो गई थी, जो दिनभर रिमझिम बरसती रही। वहीं कई क्षेत्रों में तेज बारिश भी हुई। इससे लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। आंकड़ों में 4.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसे मिलाकर अब तक कुल बारिश का आंकड़ा 13.1 इंच हो गया है। वहीं, भोपाल व प्रदेश के अन्य जिलों में सोमवार शाम से मंगलवार तड़के तक तेज बारिश होती रही। बारिश के लिहाज से जुलाई का महीना महत्वपूर्ण रहता है, लेकिन इस बार लगातार 16 दिन सूखे बीते हैं। गर्मी भी अप्रैल के महीने जैसी महसूस हुई है। राहत की बात यह है कि अब जो सिस्टम सक्रिय हुआ है, उससे जुलाई खत्म होने तक बारिश का दौर चलता रहेगा। बुधवार से तेज बारिश होने के आसार हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं सोमवार रात को पारा 23.8 डिग्री रहा।

---

### आंदोलन में लगातार जुट रहे स्टूडेंट्स, नारेबाजी से गूंजता रहा इलाका

# इंदौर के टंट्या भील चौराहे में स्टूडेंट्स का प्रदर्शन





**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के टंट्याभील चौराहा पर बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स जमा हो रहे हैं। मांगों को लेकर नारेबाजी भी कर रहे हैं। 30 जून से स्टूडेंट्स नीट पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई, धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

टंट्याभील चौराहे पर लगातार स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ती जा रही है। धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी से पूरा इलाका गूंजने लगा है।

राह चलते लोग भी स्टूडेंट्स के इस प्रदर्शन को देखने के लिए रुक जाते हैं। कई स्टूडेंट इस प्रदर्शन में आ रहे है और इसका हिस्सा बन रहे हैं। मंगलवार देर रात तक चौराहे पर स्टूडेंट्स डटे रहे और लगातार नारेबाजी करते रहे।

**हाथों में तख्तियां और नारेबाजी की गूंज-** बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स हाथों में तख्तियां लेकर बैठे दिखे। धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे सहित कई नारे इस प्रदर्शन में लगाए गए। युवाओं का समूह लगातार नारेबाजी करता नजर आया। बारिश के बीच भी स्टूडेंट्स इस धरना प्रदर्शन में बैठे रहे। अखिलेश राणा, रोहित वास्कले, दुर्गा माणसाने, भारत चौहान, राधिका व अन्य लोगों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

**लगातार बढ़ रही स्टूडेंट्स की संख्या**

- दिनभर अनशन पर रहे प्रहलाद पाण्डेय ने कहा कि यह आंदोलन लोकतंत्र की रक्षा और उसे पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। मंगलवार को आंदोलन को 22 दिन हो गए हैं। जैसे-जैसे आंदोलन के दिन बढ़ते जा रहे है, वैसे-वैसे टंट्याभील चौराहे पर स्टूडेंट्स की संख्या भी बढ़ रही है।
- पिछले दिनों प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स ने टंट्याभील चौराहे से कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला था और कलेक्टर ऑफिस के बाहर करीब 4 घंटे से ज्यादा प्रदर्शन किया था। जिसके बाद उनकी कुछ मांगों को मान लिया गया था। हालांकि अभी कई मांगों को लेकर इन स्टूडेंट्स द्वारा टंट्याभील चौराहे पर प्रदर्शन किया जा रहा है।

---

### पतंजलि से भी जमीन वापस लेने की तैयारी

# 10 साल में तीन बड़े निवेशकों को 419 एकड़ जमीन दी, एक भी उत्पादन तक नहीं पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

पीथमपुर में पतंजलि को आवंटित जमीन अब उद्योग वापस लेने की तैयारी में है। दो बार कंपनी को पहले भी नोटिस दिया जा चुका है। हालांकि पिछले एक दशक के ऐसे निवेश प्रस्तावों की बात करें तो कई एमओयू हुए, जमीन आरक्षित हुई, लेकिन फैक्ट्री जमीन पर नहीं उतर सकी।

पिछले 10 साल में जापानी निवेश प्रस्ताव, रिलायंस एडीए व पतंजलि जैसे तीन बड़े निवेशकों के लिए करीब 419 एकड़ जमीन आरक्षित की गई, लेकिन एक भी प्रस्ताव उत्पादन तक नहीं पहुंचा। अब एमपीआईडीसी ने पतंजलि को नोटिस देकर फाइल उद्योग विभाग को भेज दी है। इधर, राज्य सरकार नौवीं ग्लोबल इनवेस्टर्स



समिट(जीआईएस)की तैयारियों में जुटी है और निवेशकों को लुभाने के लिए देश-विदेश में प्रयास कर रही है।

**पतंजलि जमीन मिली लेकिन न प्लांट लगा, न रोजगार मिला-** सरकार ने 2017 में पतंजलि को 40 एकड़ जमीन 25 लाख रुपए प्रति एकड़ से आवंटित की थी, लेकिन 9 साल बाद भी यहां उत्पादन शुरू नहीं हो सका। कंपनी को 2019 तक प्लांट चालू करना था। कोविड के दौरान समय-सीमा भी बढ़ाई गई, फिर भी निर्माण अधूरा है। इंडोरामा से लगी इस जमीन में अब भी 41 एकड़ वैसे ही आरक्षित है। कुछ जमीन राल्सन, डाबर और यूके की हेलियान ग्रुप को दी गई।

**रक्षा उत्पादन के लिए आरक्षित थी जमीन-** रिलायंस एडीए के लिए पीथमपुर में 200 एकड़ जमीन आरक्षित की गई थी, लेकिन कंपनी ने तय राशि जमा नहीं की और निर्धारित अवधि में परियोजना शुरू नहीं हो सकी। फिर शासन ने आरक्षित भूमि का बड़ा हिस्सा अन्य निवेशकों को आवंटित कर दिया। अब सेक्टर-6 से लगी इस जमीन पर रिलायंस का प्रोजेक्ट आगे बढ़ता नहीं दिख रहा।

---

### देवास जिले के कन्नौद थाना क्षेत्र चपलासा का मामला

# बेटे ने पिता की उस्तरे से गला रेतकर की हत्या

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

देवास के कन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम चपलासा में मंगलवार को संपत्ति विवाद के चलते एक बेटे ने पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना डायल 112 पर मिलने के बाद पुलिस पहुंची और आरोपी को हिरासत लिया।

फरियादी आशीष गोस्वामी ने बताया कि उसके दादाजी माधवपुरी गोस्वामी ने करीब आठ वर्ष पहले अपनी संपत्ति तीनों पुत्रों में बराबर बांट दी थी। उसके पिता और छोटे चाचा का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि बीच वाले चाचा जगदीशपुरी गोस्वामी अपने पिता के साथ रहते थे।

परिजन के अनुसार जगदीशपुरी शराब का आदी है और कोई काम-धंधा नहीं करता। आशीष ने पुलिस को बताया कि जगदीशपुरी के पुत्र पवनपुरी ने उसे सूचना दी कि उसके पिता और दादाजी के बीच विवाद हो रहा है। इस पर वह पत्नी अर्चना के साथ मौके पर पहुंचा।

वहां देखा कि जगदीशपुरी अपने पिता पर चाकू-उस्तरे जैसे धारदार हथियार से हमला कर रहा था। दोनों को आता देख आरोपी हथियार लेकर मौके से भाग गया। जब आशीष और उसकी पत्नी घर के अंदर पहुंचे तो माधवपुरी गोस्वामी खाट पर पड़े थे। गले पर गहरा घाव होने और अधिक रक्तस्राव के कारण उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपी जगदीशपुरी गोस्वामी को हिरासत में ले लिया। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

---

# सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को सरेंडर की सलाह दी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपी उसकी सोनम रघुवंशी को सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने की सलाह दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने सोनम के वकील से कहा- उनके पास दो विकल्प हैं-

पहला- यदि वे चाहें तो यह अदालत मेघालय सरकार की अपील पर उनकी दलीलें सुनकर अंतिम आदेश पारित कर सकती है।

दूसरा- सोनम फिलहाल आत्मसमर्पण करे ताकि जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर सकें और इस दौरान जमानत के मुद्दे पर भी विचार किया जा सके। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को करेगी। उसी दिन यह फैसला हो सकता है कि सोनम की जमानत बरकरार रहेगी या उसे जेल जाना होगा। इसी साल 26 अप्रैल को मेघालय हाईकोर्ट ने सोनम को जमानत दी थी। मेघालय सरकार ने जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वारदात के बाद सोनम के व्यवहार और कानूनी तर्कों पर भी सवाल उठाए। अदालत ने पूछा कि गिरफ्तारी के समय कारण नहीं बताए जाने का मुद्दा पहले क्यों नहीं उठाया गया? इस पर सोनम के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा और कहा कि वे गुरुवार तक अपना जवाब दाखिल करेंगे। वहीं, मेघालय सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोनम की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि उसने पुलिस के सामने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया था। ऐसे में बाद में यह कहना कि गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए, कानूनी रूप से स्वीकार नहीं है।

---

### इंदौर-मुरैना सहित 9 जगह लोकायुक्त के छापे

# बिजली कंपनी के एसई के यहां मिली 7.16 करोड़ रु. की संपत्ति

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री (ट्रांसमिशन एंड फाइनेंस) शिवराम सेमिल के इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना स्थित कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की।

प्रारंभिक जांच में अधीक्षण यंत्री के पास सोने-चांदी के कीमती बर्तन-ज्वैलरी, 3 लाख की नकदी सहित 7.16 करोड़ की संपत्ति



मिली है। अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के यहां से सिलिकॉन सिटी, इंदौर स्थित सी-44 पर करीब 1.20 करोड़ का तीन मंजिला मकान, पीथमपुर में बेटे शुभम के नाम से शुभम इलेक्ट्रिकल नाम की ट्रांसफार्मर फैक्ट्री भी मिली है, जिसकी लागत करीब 1.25 करोड़ रुपए है।

इसके अलावा बहू और अन्य परिजन के नाम कर्निश पावरजोन कंपनी संचालित मिली। वहीं पीथमपुर में दो औद्योगिक प्लॉट हैं, इनमें से एक पर फैक्ट्री संचालित है। दूसरे का निर्माण जारी है, इस पर भी 1 करोड़ खर्च किया गया। इसके अलावा ओमैक्स सिटी में प्लॉट, शुभम इलेक्ट्रिकल के नाम से करीब 15 लाख की इलेक्ट्रिक कार, मुरैना के रविदास नगर में दो मंजिला मकान की भी जांच की जा रही है।

**11 महीनों में तीसरा मामला: 7 अगस्त 2025:** जूनियर इंजीनियर शैलेंद्र पाटकर को इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने 10 किलोवाट बिजली कनेक्शन देने के एवज में 10 हजार रुपए की घूस लेते पकड़ा। **18 जुलाई 2026:** नमेश कुमार भोंडेकर (जूनियर इंजीनियर, सुखलिया जोन) सोलर पैनल की फाइल आगे बढ़ाने के लिए 80 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त ने 40 हजार रुपए लेते रंगेहाथ पकड़ा।

---

### गैस पाइपलाइन ब्लास्ट में बीजेपी पार्षद पर केस, हाईकोर्ट में इंदौर एसीपी ने दी जानकारी

# अदालत ने कहा-झुलसे लोगों को इलाज की राशि रिफंड करें

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

विजय नगर स्थित अवंतिका गैस पाइपलाइन में 23 जून को हुए हादसे को लेकर मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई में पेश हुए एसीपी पराग सैनी ने कोर्ट को जानकारी दी गई कि इस मामले में वार्ड 31 के बीजेपी पार्षद बालमुकुंद सोनी पर केस दर्ज कर आरोपी बना लिया गया है।

नगर निगम की रिपोर्ट में भी यह उल्लेख किया गया था कि निगम की ओर से बोरिंग नहीं कराई कराई जा रही थी।

झुलसे लोगों की ओर से वकीलों ने बताया कि अभी तक उन्हें इलाज की राशि नहीं मिली है। साथ ही अभी भी इलाज जारी है। इस पर कोर्ट ने शासन को कहा कि झुलसे



लोगों के इलाज की राशि का पेमेंट रिफंड करवाएं।

शासन की ओर से एडवोकेट ने बताया कि इस मामले में राशि इलाज के बाद जारी होती है, इस पर पीड़ितों की ओर से कहा गया कि अभी तो अस्पताल को उनके इलाज की राशि चाहिए जो हमें खर्च करना पड़ रही है।

**नगर निगम की रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली-** सुनवाई के दौरान बताया गया कि नगर निगम की रिपोर्ट अभी तक पुलिस को नहीं मिली है। एसीपी ने बताया कि अभी तक उनके पास रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने समन्वय बनाने की बात कही। मामले में चार्जशीट को लेकर पुलिस की ओर से बताया कि कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला अभी अहमदाबाद के अस्पताल में एडमिट है। उनके बयान होना है। सुनवाई में पीड़ित झुलसे लोगों की ओर से वकीलों ने बताया कि अभी तक उन्हें इलाज की राशि नहीं मिली है। साथ ही अभी भी इलाज जारी है। इस पर कोर्ट ने शासन को कहा कि झुलसे लोगों के इलाज की राशि का पेमेंट रिफंड करवाएं। शासन की ओर से एडवोकेट ने बताया कि इस माामले में राशि इलाज के बाद जारी होती है, इस पर पीडितों की ओर से कहा गया कि अभी तो अस्पताल को उनका इलाज की राशि चाहिए जो हमें खर्च करना पड़ रही है। इस कोर्ट ने शासन को जल्द राशि रिलीज करने के लिए निर्देशित किया। सुनवाई के दौरान बताया गया कि नगर निगम की रिपोर्ट अभी तक पुलिस को नहीं मिली है। एसीपी ने भी बताया कि अभी तक उनके पास रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने समन्वय बनाने की बात कही। मामले में चार्जशीट को लेकर पुलिस की ओर से बताया कि कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला अभी अहमदाबाद के अस्पताल में एडमिट है। उनके बयान होना है। अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी।

**दोष सिद्ध होने पर हो सकता है छह माह कारावास**

विजय नगर थाना टीआई चंद्रक्रांत पटेल ने बताया कि पुलिस ने पार्षद बालमुकुंद सोनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर लापरवाही बरतना) और धारा 125(b) (लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति को साधारण चोट पहुंचना) के तहत केस दर्ज किया है। इसमें दोष सिद्ध होने पर 6 माक तक का कारावास या 5 हजार रु. का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### घोघरा नाले में आई बाढ़ःखेतों में फंसे 9 मजदूरों का किया रेस्क्यू

**बरेली (रायसेन )।** जिले के बरेली कस्बे के समीप स्थित घोघरा नाले में मंगलवार को अचानक जलस्तर बढ़ने से खेतों में काम कर रहे 9 मजदूर बीच पानी में फंस गए। देखते ही देखते नाले का बहाव तेज हो गया और मजदूरों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही होमगार्ड की डिजास्टर रेस्क्यू टीम (डीआरसी) मौके पर पहुंची और सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जिला कमांडेंट उमेश तिवारी के अनुसार, सभी मजदूर घोघरा नाले के उस पार खेतों में कार्य कर रहे थे। लगातार बारिश के कारण नाले में अचानक बाढ़ आ गई और उनका संपर्क मुख्य मार्ग से कट गया था। प्रभारी नायक परसराम मेहरा के नेतृत्व में सैनिकों ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए एक-एक कर सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। जिला प्रशासन और होमगार्ड विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में उफनते नालों को पार करने या जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत, गंभीर चोट से अस्पताल में तोड़ा दम

**मऊगंज ।** मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। शिवगढ़ गांव के पास अज्ञात बोलेरो वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान सिंगरौली जिले के जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम सरौधा निवासी हीरामणि सेन (43) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह मंगलवार शाम करीब 5 बजे बाइक (टढ 53 ेइ 9462) से मजदूरों को लेकर हनुमना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शिवगढ़ के पास हादसा हो गया। घटना की जानकारी मृतक के रिश्तेदार मनोज सेन ने फोन पर परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मृतक के भाई उदयभान सेन और रमाशंकर सेन अस्पताल पहुंचे। परिजनों के अनुसार, हीरामणि सेन के सिर और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई थीं।

### मुरैना में मेड़ के विवाद में की थी फायरिंग, दो बंदूक बरामद

**मुरैना ।** मुरैना शहर के अंबाह बायपास स्थित खेत की मेड़ तोड़ने के विवाद में फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई 12 बोर बंदूक और 315 बोर कंपनी मेड राइफल जब्त की है। मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं।

सिविल लाइन थाना पुलिस के अनुसार, फरियादी हरीसिंह राठौर ने 16 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे वह अंबाह बायपास स्थित सीवर प्लांट के पास अपने खेत पर पहुंचे थे। वहां गिर्राज डंडौतिया, टिंक डंडौतिया और हरीओम डंडौतिया ट्रैक्टर से खेत की मेड़ तोड़कर उसे अपने खेत में मिला रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की। शिकायत के अनुसार, शैलेन्द्र उर्फ शैल डंडौतिया और टिंक डंडौतिया ने फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सिविल लाइन थाना प्रभारी टीआई उदयभान यादव ने बताया कि पुलिस ने अंबाह बायपास स्थित घनश्याम पैलेस के पास दबिश देकर फरार चल रहे दो आरोपियों टिंक उर्फ जितेंद्र डंडौतिया और शैलू उर्फ शैलेन्द्र डंडौतिया को गिरफ्तार किया।

### अनधिकृत अनुपस्थिति पर सीधे नौकरी नहीं छीन सकते- हाईकोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर हाईकोर्ट की एकलपीठ ने कर्मचारी सेवा नियमों को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि केवल अनधिकृत अनुपस्थिति के आधार पर किसी कर्मचारी को नौकरी से हटाना या अनिवार्य सेवानिवृत्त करना उचित नहीं है। विभागीय जांच में यह स्पष्ट रूप से साबित होना चाहिए कि कर्मचारी जानबूझकर ड्यूटी से दूर रहा। इसके बिना इतनी कठोर सजा नहीं दी जा सकती। जस्टिस आनंद सिंह बहरावत की एकलपीठ ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी करन खरे की अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश निरस्त कर दिया। लश्कर निवासी करन खरे वर्ष 1998 से बैंक में कार्यरत हैं।

बैंक ने उन पर 586 दिन बिना अनुमति अनुपस्थित रहने का आरोप लगाते हुए 24 जुलाई 2024 को अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्रवाई की थी। विभागीय अपील और पुनरीक्षण याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुशासनात्मक प्राधिकारी अर्ध-न्यायिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए उनके आदेश तथ्यों और स्पष्ट कारणों पर आधारित होने चाहिए। दंड आदेश में यह भी बताया जाना चाहिए कि कर्मचारी के पक्ष को क्यों स्वीकार नहीं किया गया। कोर्ट ने पाया कि बैंक के आदेश में कहीं भी यह नहीं बताया गया कि कर्मचारी की अनुपस्थिति जानबूझकर थी। इसलिए यह आदेश कानूनी कसौटी पर सही नहीं ठहरता।

# भोपाल में रात से रिमझिम बारिश का दौर; 4 दिन तेज बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में बीते 36 घंटे से 35 से ज्यादा जिलों में पानी बरस रहा है। मौसम केंद्र भोपाल की माने तो अगले 4 दिन तक तेज बारिश का दौर रहेगा। बुधवार को उज्जैन, धार, गुना समेत 15 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल में रात से ही रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है।

आज जिन जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है, उनमें शिवपुरी, गुना, सागर और डिंडौरी शामिल हैं। 24 घंटे में यहां 4 से 8 इंच तक पानी गिर सकता है। श्योपुर, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, नीमच, मंदसौर, उज्जैन, धार और बड़वानी में भारी बारिश की चेतावनी है।

वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, जबलपुर,



कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा।

प्रदेश में एक दिन की बारिश में ही ओवरऑल आंकड़े में 3 प्रतिशत की कमी आई है। सोमवार तक प्रदेश में सामान्य से 17% कम बारिश दर्ज की गई थी, जो मंगलवार को 14% पर आ गई। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसत 11.3 इंच (286.8 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 13.2 इंच (335.3 मिमी) पानी गिर जाना था। दूसरी ओर, पूर्वी हिस्से में 18 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 11 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

### कम बारिश का असर... 41 जिलों में माइनस में आंकड़ा

प्रदेश के 41 जिलों में बारिश का आंकड़ा माइनस में है। पूर्वी हिस्से में सिर्फ निवाड़ी को छोड़ दें तो बाकी सभी जिलों में औसत से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, कम बारिश वाले 41 जिलों में अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी और विदिशा शामिल हैं। वहीं, ज्यादा बारिश वाले 14 जिले- निवाड़ी, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, देवास, हरदा, इंदौर, खंडवा, खरगोन, नीमच, राजगढ़, सीहोर और उज्जैन है। प्रदेश में देवास सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला है। यहां 51 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है।

# एक बैठक में तय की 355 निजी कॉलेजों की फीस

## मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आए जवाब से हुआ खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थानों की फीस निर्धारण प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाए हैं। विधानसभा में सरकार के जवाब का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति ने चार वर्षों में 5062 निजी शिक्षण संस्थानों की फीस तय की, जबकि एक बैठक में ही 355 संस्थानों का शुल्क निर्धारण कर दिया गया।

उपाध्याय ने सवाल उठाया कि इतने कम समय में आय-व्यय और अन्य दस्तावेजों का गहन परीक्षण कैसे संभव है। विधानसभा में विधायक पंकज उपाध्याय के प्रश्न के लिखित उत्तर में तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति ने वर्ष 2022 से 2025-26 तक 5062 निजी शिक्षण संस्थानों का शुल्क निर्धारण किया है।

सरकार ने यह भी बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिकतम 15 दिन में



आवेदन का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट समिति को देता है, जिसके आधार पर फीस निर्धारण किया जाता है।

सरकार के इस जवाब के बाद पंकज उपाध्याय ने शुल्क निर्धारण की पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि उनके मूल प्रश्न का यह हिस्सा अनुत्तरित रहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट ने कितने दिनों में कितने आवेदनों का परीक्षण किया। उनका कहना है कि राजपत्र, 2008 के प्रावधानों के अनुसार चार्टर्ड अकाउंटेंट को किसी भी शिक्षण संस्थान के आय-व्यय, तुलनापत्र और अन्य वित्तीय दस्तावेजों का गहन परीक्षण करना होता है तथा आवश्यकता पड़ने पर संस्थान से स्पष्टीकरण भी लेना पड़ता है। ऐसे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आवेदनों का परीक्षण व्यावहारिक नहीं लगता।

उपाध्याय ने आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 के दौरान एक ही बैठक में 355 निजी शिक्षण संस्थानों की फीस तय कर दी गई। उन्होंने कहा कि समिति को निरीक्षण दल की रिपोर्ट, विभाग के चार्टर्ड अकाउंटेंट की रिपोर्ट और संस्थानों के आय-व्यय का परीक्षण करने के बाद ही निर्णय लेना होता है। ऐसे में एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में संस्थानों का शुल्क निर्धारण गंभीर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने नर्सिंग कॉलेजों का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि हर वर्ष 60 से 100 नर्सिंग संस्थानों की फीस निर्धारित की जाती है, जबकि इनमें से कई संस्थानों के नियमों के विपरीत संचालित होने के आरोप पहले से सामने आते रहे हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे संस्थानों के संबंध में चार्टर्ड अकाउंटेंट और निरीक्षण दल ने क्या परीक्षण किया तथा किन मानकों के आधार पर उनका शुल्क निर्धारित किया गया।

पंकज उपाध्याय ने निजी शिक्षण संस्थानों की फीस निर्धारण प्रक्रिया की सीबीआई या किसी उच्च स्तरीय समिति से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर मुनाफाखोरी पर रोक लगाई जानी चाहिए

# सतना-रीवा संभाग में 48 घंटे का ऑरेंज अलर्ट, गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना

सतना और रीवा संभाग में मौसम एक बार फिर सक्रिय हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार मिल रही नमी तथा सक्रिय मानसूनी सिस्टम के प्रभाव से क्षेत्र में अच्छी बारिश होने के आसार हैं।

मंगलवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। रात करीब 8 बजे के बाद जिले के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश हुई। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही वर्षा के कारण लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना बना हुआ है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसून ट्रफ लाइन इस समय बंगाल की खाड़ी से पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान तक फैली हुई है। इसके साथ ही मध्य भारत के ऊपर एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सकुर्लेशन) भी सक्रिय है। इन दोनों मौसम प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से सतना और पूरे रीवा संभाग में अगले दो दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े नहीं होने तथा गरज-चमक के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। चालू मानसून सीजन में 1 जून से 20 जुलाई तक सतना जिले में कुल 13 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य औसत से करीब ढाई इंच कम है।

### बच्चों ने महिला आयोग में पिता की शिकायत की

# बोले- 'पापा का पड़ोस की आंटी से अफेयर है, मम्मी से मारपीट करते हैं, अब डिप्रेशन में हैं'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें दो नाबालिग बच्चों ने खुद अपने पिता के खिलाफ शिकायत की। बच्चों ने आरोप लगाया कि उनके पिता का पिछले चार साल से पड़ोस में रहने वाली एक महिला से संबंध है।

इसका विरोध करने पर वे मां के साथ मारपीट करते हैं। बच्चों का कहना है कि घरेलू विवाद से परेशान उनकी मां डिप्रेशन में हैं और आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी हैं। वहीं, एक अन्य मामले में पति की फैक्ट्री हादसे में मौत के बाद मुआवजा नहीं मिलने पर आयोग ने कंपनी को अगली सुनवाई में हर हाल में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

दोनों बच्चों ने आयोग को बताया कि उनके पिता का पड़ोस में रहने वाली एक महिला से पिछले चार साल से संबंध है। इस मामले की पहले पुलिस में भी शिकायत की गई थी। उस समय पिता ने शपथ पत्र देकर दोबारा ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया था, लेकिन अब भी महिला से संपर्क में हैं। बच्चों का कहना है कि कई बार समझाने के बाद भी दोनों ने बातचीत बंद नहीं की।

बच्चों ने आरोप लगाया कि पिता अक्सर उनकी मां के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें भी पीटते हैं। लगातार घरेलू विवाद के कारण उनकी मां मानसिक रूप से टूट गई हैं। बच्चों के मुताबिक मां ने आत्महत्या की कोशिश भी की थी। अब उनका इलाज चल रहा है और उन्हें डिप्रेशन की दवाइयां लेनी पड़ रही हैं।

बच्चों ने जिस महिला पर पिता से संबंध होने का आरोप लगाया, वह भी शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। वह आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में काम करती है। बच्चों का आरोप है कि महिला उनके पिता से लगातार संपर्क में है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला ने उनके पिता से पैसे लिए हैं, लेकिन अब तक लौटाए नहीं हैं।

एक अन्य मामले में मंडीदीप स्थित एक फैक्ट्री के वेयरहाउस में गेहूं की बोरियों के नीचे दबकर कर्मचारी की मौत के बाद उसकी पत्नी ने मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की।

सुनवाई के दौरान कंपनी का कोई प्रतिनिधि आयोग के सामने उपस्थित नहीं हुआ। इस पर आयोग ने कंपनी को अगली सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए।

### 18 मामलों की हुई सुनवाई

महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव, सदस्य साधना स्थापक और सचिव सुरेश तोमर की मौजूदगी में कुल 18 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, पारिवारिक विवाद और मुआवजा से जुड़े मामलों पर दोनों पक्षों को सुनकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष रेखा यादव ने कहा कि यदि अगली तारीख पर भी कंपनी का प्रतिनिधि नहीं पहुंचता है तो उसके खिलाफ वारंट जारी करने की कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में एक पारिवारिक विवाद का भी समाधान हुआ। महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत की थी। दोनों पक्षों को सुनने और समझाइश के बाद आपसी सहमति से समझौता हो गया। महिला ने कहा कि अब वह इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं चाहती, जबकि पति ने भी आपसी सामंजस्य से रहने की सहमति दी।

# देवास में राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, जलाए पोस्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास में कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार रात नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं की हिरासत के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर जलाए।

प्रदर्शन रात करीब 9:30 बजे शहर के मंडूक पुष्कर तालाब क्षेत्र से शुरू हुआ। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे और धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने रैली निकाली, जो सयाजी द्वार पहुंची। सयाजी द्वार पर कार्यकताओं



ने केंद्र सरकार के नेताओं के पोस्टर जलाकर विरोध जताया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी और अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया।

### गैस किट लगी वेन समेत तीन स्कूल वाहन जब्त

**सागर।** सागर जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने स्कूल वाहनों की जांच अभियान शुरू किया है। सोमवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई कार्रवाई के दौरान गैस किट लगी एक स्कूल वैन समेत तीन वाहनों को जब्त किया गया। सभी वाहनों में नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के दौरान टीम ने स्कूल वैन क्रमांक एमपी 09 बीई 0646 को रोका।

# सांडों की भिड़ंत, महिला व 3 बच्चे घायल, मन्दसौर में स्कूल से लौट रहे थे मासूम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर शहर की चक्रवर्ती कॉलोनी में मंगलवार को आवारा सांडों की लड़ाई के दौरान एक महिला और तीन मासूम बच्चे उनकी चपेट में आ गए। घटना उस समय हुई जब स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर लौट रहे थे। दो सांड आपस में लड़ते-लड़ते अचानक लोगों की ओर दौड़ पड़े और महिला समेत चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी सड़क पर गिर पड़े। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर चक्रवर्ती कॉलोनी की सड़क पर दो आवारा सांड आपस में भिड़ गए थे। उसी समय स्कूल से छुट्टी के बाद तीन बच्चे अपने घर लौट रहे थे। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखकर पास खड़ी एक महिला ने बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उन्हें सड़क किनारे रोक लिया और खुद भी उनके साथ खड़ी हो गई।

### अचानक लोगों की ओर दौड़ा सांड

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही देर में लड़ते-लड़ते एक सांड अचानक नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार से महिला और बच्चों की ओर दौड़ पड़ा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, सांड ने महिला और तीनों बच्चों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों सड़क पर गिर पड़े और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना होते ही स्थानीय लोग मौके पर दौड़े और घायल महिला व बच्चों को संभाला। प्राथमिक जांच में सभी को मामूली चोटें और खरोंचें आईं। समय रहते लोगों की मदद मिलने से बड़ा हादसा टल गया। यह पूरी घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में दो सांडों की लड़ाई, महिला द्वारा बच्चों को बचाने का प्रयास और अचानक हुए हमले का पूरा घटनाक्रम साफ दिखाई दे रहा है।

# देवास में छह मिनट में 22 लाख की कार चोरी

## सीसीटीवी में कैद वारदात, जीपीएस निष्क्रिय; की-लेस सिस्टम हैक कर चोरी की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास शहर के बीएनपी थाना क्षेत्र में हाईटेक तरीके से कार चोरी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी करीब 22 लाख रुपए की कार महज छह मिनट में चोरी कर ली। वारदात के दौरान कार का न तो कांच तोड़ा गया और न ही किसी प्रकार की तोड़फोड़ की गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने कार के की-लेस एंट्री सिस्टम या इलेक्ट्रॉनिक सेंसर को हैक कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, घटना 15 जुलाई की रात 3:32 बजे की है। तीन बदमाश एक सफेद कार से मौके पर पहुंचे और 3:38 बजे तक रजनीश अग्रवाल की काले रंग की कार स्टार्ट कर लेकर फरार हो गए। घटना के समय कार मालिक खाटू श्याम के दर्शन के लिए बाहर गए हुए थे, जबकि परिवार




के अन्य सदस्य घर पर मौजूद थे। सुबह बाहर देखने पर कार गायब मिली।

इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में तीनों बदमाश दूसरी कार से आते और कुछ ही मिनटों में कार चोरी कर फरार होते दिखाई दिए। चोरी के बाद दोनों कारें शहर के कई स्थानों पर एक साथ गुजरती भी नजर आईं। पीड़ित ने बीएनपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की कार से आए, रास्ते में बदली नंबर प्लेट

जांच में सामने आया कि आरोपी जिस कार से आए थे, वह भी कुछ दिन पहले गुजरात से चोरी की गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी विजयागंज मंडी रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, जहां उन्होंने कार की नंबर प्लेट बदली। इस दौरान दोनों कारों का कुछ सामान भी वहीं फेंक दिया। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि आरोपियों की कार गुजरात से चोरी की गई थी। इसके बाद आरोपी उज्जैन रोड की ओर फरार हो गए।

### सॉफ्टवेयर से बंद कर दिया कार का जीपीएस


कार मालिक रजनीश अग्रवाल ने बताया कि वाहन में कंपनी का जीपीएस सिस्टम लगा था। घटना के बाद कंपनी से संपर्क कर लोकेशन ट्रैक करने का प्रयास किया गया, लेकिन पता चला कि सॉफ्टवेयर के जरिए जीपीएस को निष्क्रिय कर दिया गया है। इससे कार की लोकेशन नहीं मिल सकी।

# कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन, पंजाबी एक्टर-सिंगर बंट, मान बोले- हर बार हम ही क्यों लाठी खाएं





बब्बू मान



सोनू सूद



कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन पर पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री बंट गई है। एक तरफ दिलजीत दोसांझ और सोनू सूद ने लाठीचार्ज पर सवाल उठाए। उन्होंने छात्रों के अधिकारों और उनकी मांगों को जायज ठहराया है। वहीं बब्बू मान ने आंदोलन के समर्थन से इनकार कर दिया।

बब्बू मान ने तो सीधे सवाल उठाया कि जब 2020 में दिल्ली में किसान आंदोलन हुआ तो उखढ बनाने वाले अभिजीत दीपके वहां आए थे क्या?। पंजाबी हर बार लाठियां खाने के लिए आगे नहीं आ सकते। वहीं जसबीर जस्सी ने सभी पार्टियों को अपील की कि इस मामले को संवेदनशीलता से देखा जाए। इसका राजनीतिकरण न किया जाए। एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने इंस्टाग्राम पर टूटे हुए दिल की इमोजी लगाई। दिलजीत दोसांझ ने कहा- आज जो हुआ, बहुत बुरा हुआ। स्टूडेंट्स के साथ ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए था। मेरी अधिकारियों से गुजारिश है कि स्टूडेंट्स की मांगों को सुना जाए। लोगों की आवाज रब की आवाज होती है। मुझ पर पहले ही एंटी नेशनलिस्ट का टैग बहुत बार लग चुका है। अब भी मुझे एंटी नेशनलिस्ट कहा जाएगा। किसान आंदोलन के बाद मुझे काफी कानूनी दिक्कतें आईं, जिनके बारे में मैं डिस्कस भी नहीं कर सकता।

## जसबीर जस्सी बोले- प्यार से बात करनी चाहिए

'दिल ले गई कुड़ी गुजरात दी' फेम पंजाबी सिंगर जसबीर जस्सी ने सोशल मीडिया पर लिखा- छात्र आखिरकार हमारे अपने बच्चों की तरह हैं। इसलिए उनसे प्यार और सम्मान के साथ बात की जानी चाहिए। उनकी बात और उनकी चिंताओं को भी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। इस पूरे मामले में किसी भी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

जस्सी ने आगे कहा- छात्रों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक नजरिए से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। इस पोस्ट के साथ उन्होंने भाजपा, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, अभिनेता विजय, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आज तक, राष्ट्रपति भवन और शिक्षा मंत्रालय समेत कई प्रमुख नेताओं, राजनीतिक दलों और संस्थानों को भी टैग किया है।

## सोनू सूद ने लाठीचार्ज पर सवाल उठाए

पंजाब में मोगा के रहने वाले बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस की लाठियों की नहीं, बल्कि गले लगाने वाले प्यार भरे हाथों और सहानुभूति की जरूरत है। सोनू सूद ने शासन और प्रशासन से अपील की कि वे छात्रों के मुद्दों को आक्रामकता के बजाय संवेदनशीलता और बातचीत के साथ हल करने का प्रयास करें।

सोनम बाजवा बोलीं- सवाल करना कब से गलत हो गया

पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक भावुक पोस्ट साझा किया है। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, सवाल करना कब से इतना गलत हो गया?₹ इसके साथ उन्होंने टूटे हुए दिल का इमोजी भी लगाया। हालांकि पोस्ट में उन्होंने किसी व्यक्ति, घटना या विवाद का नाम नहीं लिया, लेकिन इसे उखढ के आंदोलन में हुए लाठीचार्ज से जोड़कर देखा जा रहा है।

## बब्बू मान बोले- हर बार पंजाबी ही लाठियां क्यों खाएं

मशहूर पंजाबी सिंगर बब्बू मान ने कहा कि 1947 के विभाजन से लेकर 1984 और हालिया किसान आंदोलन तक, पंजाबियों ने हर संघर्ष में सबसे आगे रहकर बहुत कुछ सहा और खोया है। जब किसान आंदोलन चल रहा था, तब क्या उखढ प्रमुख अभिजीत दीपके उनके समर्थन में आए थे?।

मान ने कहा- अगर वे तब साथ नहीं खड़े थे, तो पंजाबियों को अब बिना सोचे-समझे उनके समर्थन में क्यों जाना चाहिए?। पंजाबियों की भी अपनी जिंदगी है और वे हमेशा ही लाठियां खाने के लिए आगे नहीं आ सकते। इसी वजह से कई पंजाबी और वे खुद इस प्रदर्शन का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

## आंदोलन में शबाना-प्रकाश राज का ट्रक पर चढ़कर प्रदर्शन

कंगना ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि सोमवार हम सब लोग घबरा गए थे। गेट्स भी बंद कर दिए गए थे और सभी पार्लियामेंटेरियंस भी अंदर कैद हो गए थे। जब सदन एडजर्न हुआ, तब भी हम कहीं मूव नहीं कर पाए। आप लोगों ने देखा कि किस तरह मॉब अटैक करता हुआ अंदर हमारी तरफ बढ़ रहा था। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि एक वक्त तो ऐसा था कि हम सब डर गए थे कि शायद वे हम पर अटैक कर देंगे, लेकिन मैं दिल्ली पुलिस की सराहना करती हूं। उन्होंने हमारे बीच शील्ड बनकर खुद पर पथराव भी झेला और चोटें भी खाईं, लेकिन जनमानस को कोई हानि नहीं होने दी।

जंतर-मंतर सीनियर एक्ट्रेस शबाना आजमी सोमवार को सीजेपी के विरोध मार्च में शामिल होने दिल्ली पहुंचीं। 75 साल की एक्ट्रेस प्रदर्शनकारियों के साथ ट्रक में सफर करती और बैरिकेड्स पार करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि आखिरकार सरकार बातचीत के लिए तैयार हो गई है। जंतर-मंतर पर शिक्षा सुधारों के लिए यह एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन है। प्रदर्शन के दौरान शबाना आजमी की सांस फूलती दिखी, लेकिन वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच की मांग पर अड़ी रहीं।

दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, आज जो हुआ, बहुत गलत हुआ। छात्रों के साथ ऐसा बर्ताव नहीं होना चाहिए था। मैं अधिकारियों से अपील करता हूं कि वे छात्रों की मांगें सुनें। लोगों की आवाज ही भगवान की आवाज होती है। मुझे पहले भी कई बार 'एंटी-नेशनल' कहा गया है। अब भी शायद मुझे यही कहा जाएगा। किसान आंदोलन के बाद मुझे काफी विरोध और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिनके बारे में मैं खुलकर बात भी नहीं कर सकता। बाकी सब भगवान देख रहे हैं। भगवान सबका भला करें।

### CJP प्रोटेस्ट पर बोलने वाले पॉलीवुड के 5 बड़े चेहरे



**बब्बू मान**
- **पूरा नाम:** तेजिंदर सिंह मान
- **जन्म:** खंट मानपुर, फतेहगढ़ साहिब (पंजाब)
- **पहचान:** सिंगर, गीतकार, अभिनेता और फिल्म प्रोड्यूसर
- **खासियत:** अपने लिखे गीतों, देसी अंदाज और दमदार आवाज के लिए मशहूर। सज्जन रुमाल दे गया, सौण दी झड़ी, प्यास जैसे एल्बमों से पहचान बनाई।
- **इमेज:** पंजाबी म्यूजिक के कल्ट स्टार, खासकर ग्रामीण पंजाब में बड़ी फैन फॉलोइंग।



**सोनू सूद**
- **जन्म:** मोगा, पंजाब
- **पहचान:** अभिनेता, मॉडल और समाजसेवी
- **करियर:** हिंदी, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया। दबंग, सिंह इज किंग, युवा जैसी फिल्मों से पहचान।
- **खास पहचान:** कोविड-19 के दौरान प्रवासी मजदूरों और जरूरतमंदों की मदद के कारण "रियल लाइफ हीरो" की छवि बनी।



**दिलजीत दोसांझ**
- **जन्म:** दोसांझ कलां, जालंधर (पंजाब)
- **पहचान:** इंटरनेशनल पंजाबी सिंगर, अभिनेता और एंटरटेनर
- **करियर:** पंजाबी म्यूजिक से शुरुआत कर बॉलीवुड और ग्लोबल स्टेज तक पहुंचे।
- **खासियत:** पंजाबी संस्कृति, फैशन और लाइव परफॉर्मेंस के लिए दुनिया भर में पहचान।
- **इमेज:** नई पीढ़ी के सबसे बड़े पंजाबी ग्लोबल आइकन में शामिल।।



**सोनम बाजवा**
- **जन्म:** नानकमत्ता, उत्तराखंड
- **पहचान:** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की प्रमुख अभिनेत्री
- **करियर:** पंजाब 1984, सरदार जी 2, कबड्डी वन अगेन, हौंसला रख जैसी फिल्मों में काम।
- **इमेज:** ग्लैमरस और सफल पंजाबी फिल्म स्टार, खासकर युवाओं में लोकप्रिय।



**जसबीर जस्सी**
- **जन्म:** गुरदासपुर, पंजाब
- **पहचान:** पंजाबी लोक और पॉप सिंगर
- **करियर:** 1990 के दशक से सक्रिय; दिल ले गई कुड़ी गुजरात दी से देशभर में लोकप्रियता मिली।
- **खासियत:** पंजाबी लोक संगीत को पॉप अंदाज में पेश करने वाले शुरुआती बड़े कलाकारों में शामिल।

---

### अमेरिका ने ईरान के 5 शहरों पर बम बरसाए

# लगातार 11वीं रात ईरान पर हमला; जंग में यूएस 3.6 लाख करोड़ रुपए खर्च कर चुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान के पांच शहरों में एक साथ एयर और मिसाइल स्ट्राइक की। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक चाबहार, कोनारक, तबरीज, बेहबहान और ओमीदियेह को निशाना बनाया गया। सीजफायर टूटने के बाद यह लगातार 11वीं रात है, जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान के संदिग्ध परमाणु ठिकाने पिकएक्स माउंटेन पर बहुत जल्द और बहुत भारी हमला कर सकता है। ट्रम्प की इस चेतावनी के जवाब में ईरान ने कहा कि यदि हमले जारी रहे तो वह क्षेत्र में युद्ध का दायरा और बढ़ा सकता है।

इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया है कि अब तक इस युद्ध पर अमेरिका का खर्च 37.5 अरब डॉलर (करीब 3.6 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच गया है। भारत-चीन के टैंकरों ने रास्ता बदलाः सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर भारत और चीन जा रहे दो टैंकर हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद रेड सी में यू-टर्न लेकर स्वेज नहर की ओर लौट गए।



अमेरिका ने माना- ईरानी हमलों में 100 सैनिक घायलः पेंटागन ने स्वीकार किया कि 7 जुलाई के बाद ईरानी हमलों में करीब 100 अमेरिकी सैनिक घायल हुए। इनमें से 96% सैनिक इलाज के बाद ड्यूटी पर लौट चुके हैं।

कतर ने संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद को पत्र भेजकर ईरान को हालिया हमलों और उनसे हुए सभी नुकसान के लिए जिम्मेदार ठहराया और पूरा मुआवजा देने की मांग की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने माना कि जॉर्डन में ईरान का एक हमला सफल रहा। हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हुई थी।

---

# जापान में राजा अब दूर के रिश्तेदारों को गोद लेंगे, सिर्फ 3 उत्तराधिकारी बचे तो नियम बदला,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जापान

जापान की संसद ने 17 जुलाई को शाही परिवार के उत्तराधिकार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव किया। नए कानून के तहत अब शाही परिवार 15 साल या उससे अधिक उम्र के दूर के पुरुष रिश्तेदारों को गोद लेकर दोबारा शाही परिवार में शामिल कर सकेगा।

इसके अलावा, अब शाही परिवार की महिलाएं किसी आम नागरिक से शादी करने के बाद भी अपना शाही दर्जा और आधिकारिक जिम्मेदारियां नहीं खोएंगी। हालांकि, सबसे अहम नियम नहीं बदला गया। जापान में अब भी सिर्फ पुरुष ही सम्राट बन सकते हैं। यानी सम्राट नारुहितो की इकलौती बेटी राजकुमारी आइको भविष्य में भी सिंहासन की उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगी। जापान का शाही परिवार दुनिया का सबसे पुराना लगातार चला आ रहा राजवंश माना जाता है, लेकिन आज वह उत्तराधिकार के गंभीर संकट से जूझ रहा है। मौजूदा सम्राट की सिर्फ एक बेटी है। वह उत्तराधिकारी नहीं बन सकती, क्योंकि कानून सिर्फ पुरुषों को ही सिंहासन का अधिकार देता है। शाही परिवार में सिंहासन के सिर्फ 3 उत्तराधिकारी हैं। उत्तराधिकार की कतार में पहले नंबर पर सम्राट के छोटे भाई प्रिंस फुमिहितो, दूसरे नंबर पर उनके 19 वर्षीय



बेटे प्रिंस हिसाहितो और तीसरे नंबर पर 90 वर्षीय प्रिंस हिताची हैं।

जापान में महिला को सम्राट बनाने का मुद्दा कई वर्षों से चर्चा में है। जनमत सर्वेक्षणों में अधिकांश जापानी नागरिक महिला सम्राट के पक्ष में रहे हैं। 2024 में क्योडो न्यूज के सर्वे में 90% जापानी नागरिकों ने महिला सम्राट का समर्थन किया था। लेकिन सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (छउ्ढ) के परंपरावादी नेता इसका विरोध करते रहे हैं।

इन नेताओं का तर्क है कि जापान का शाही परिवार करीब 2,000 वर्षों से पुरुष वंश के आधार पर चला आ रहा है। उनके अनुसार, अगर किसी महिला को सम्राट बनाया गया और उसके बच्चे भविष्य में सिंहासन पर बैठे, तो शाही परिवार की पितृवंश परंपरा टूट जाएगी। उनका मानना है कि यही परंपरा जापान की राजशाही की पहचान है और इसे नहीं बदला जाना चाहिए।

इसी वजह से सरकार ने महिला सम्राट या महिलाओं की संतान को उत्तराधिकारी बनाने का कानून बदलने के बजाय दूसरा रास्ता चुना। 11 पूर्व शाही शाखाएं क्या हैं, जिनके बच्चे गोद लिए जाएंगे सम्राट को उत्तराधिकारी चुनने के लिए गोद लेने का अधिकार मिला है। लेकिन वे किसी भी बच्चे को गोद नहीं ले सकते। वे केवल 11 पूर्व शाही शाखाओं के वंशज के पुरुषों को ही गोद ले सकेंगे।

---

## भारत ने कहा- कारोबारी जहाजों को निशाना बनाना गलत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

यूक्रेन के ओडेसा पोर्ट से रवाना हुए कार्गो जहाज गोल्डन लियो पर रविवार को हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। एक भारतीय गंभीर रूप से घायल है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस बीच भारत सरकार ने रूस के राजदूत को तलब किया है। समाचार एजेंसी ढळक ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। इससे पहले भारत सरकार ने सोमवार को हमले की कड़ी निंदा की थी और कहा कि कारोबारी जहाजों और बेगुनाह नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह गलत है।

विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारतीय दूतावास लगातार यूक्रेनी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही है। उधर, यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक गोल्डन लियो जहाज ओडेसा से मक्का लेकर रवाना हुआ था। पोर्ट से निकलने के कुछ देर बाद उस पर तीन रूसी क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया।

---

## नेपाल में एक रुपए के सिक्के से विवादित-नक्शा नहीं हटेगा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक रुपए के सिक्के से विवादित राष्ट्रीय नक्शा हटाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। इस नक्शे में भारत के लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है।

नेपाल राष्ट्र बैंक ने पहले प्रस्ताव रखा था कि एक रुपए के सिक्के पर छपे नेपाल के विवादित नक्शे की जगह मुस्तांग के ऐतिहासिक मठ की तस्वीर लगाई जाए। इस नक्शे को सिक्के से हटाने की खबर जैसे ही बाहर आई, इसका विरोध होने लगा इसके बाद मंत्रालय ने नेपाल राष्ट्र बैंक को निर्देश दिया कि डिजाइन में बौद्ध मठ के साथ नेपाल का राष्ट्रीय नक्शा भी शामिल किया जाए। इसके बाद संशोधित प्रस्ताव दोबारा मंजूरी के लिए भेजा जाए। इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि नेपाल सरकार ने एक रुपये के नए सिक्के को मंजूरी दे दी है।

---

# हूती विद्रोहियों की धमकी, भारत-चीन के टैंकरों ने रास्ता बदला, तेल ला रहे थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सऊदी अरब

सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर भारत और चीन जा रहे दो तेल टैंकरों ने मंगलवार को रेड सी (लाल सागर) में यू-टर्न लेकर अपना रास्ता बदल लिया। दोनों जहाज बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद वापस स्वेज नहर की ओर मुड़ गए।

दरअसल, हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर की शिपिंग कंपनियों को ईमेल भेजकर




चेतावनी दी कि सऊदी अरब के किसी भी बंदरगाह पर माल लादने या उतारने वाले जहाजों को उनकी सैन्य पहुंच के भीतर कहीं भी निशाना बनाया जा सकता है।

रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें से एक सुपर टैंकर 'शिन लॉन्ग यांग' सोमवार को सऊदी अरब के यनबू बंदरगाह से करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर चीन के लिए रवाना हुआ था। जहाज मंगलवार सुबह बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट पहुंचने से पहले ही रुक गया और फिर यू-टर्न लेकर स्वेज रूट की तरफ मुड़ गए। भारत से जुड़ा दूसरा टैंकर भी इसी तरह अपना रास्ता बदलकर उत्तर की ओर चला गया। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद सऊदी अरब अपनी ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के जरिए तेल को रेड सी के यनबू बंदरगाह तक पहुंचाकर वहां से एशियाई देशों को भेज रहा है।

---

# छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की सेलेब्स ने की आलोचना, सलमान के जीजा आयुष बोले- प्रदर्शन में लाठीचार्ज दुखद

सोनू सूद, अनुराग कश्यप, आयुष शर्मा, हुमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर समेत बॉलीवुड के कई बड़े सेलेब्स ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज की आलोचना की है।

बॉलीवुड एक्टर और सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा ने जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र की असली पहचान सिर्फ वोट नहीं, बल्कि हर नागरिक की आवाज है। उनके मुताबिक, चाहे छात्र हों या देश का कोई भी नागरिक, जब वे अपनी बात रखते हैं तो उसे सुना जाना चाहिए, दबाया नहीं जाना चाहिए। आयुष शर्मा ने कहा कि सरकार ने आखिरकार छात्रों की आवाज सुनी, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी दुख जताया कि प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को टियर गैस और लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने के लिए युवाओं को ऐसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, जो चिंताजनक है।

## पुलिस कार्रवाई पर अनुराग ने सवाल उठाए

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, वर्दी पहनने के लिए आत्मा का, आत्मीयता का, सबका सौदा करना पड़ता है। मालूम नहीं था। क्या इस देश में कोई पुलिसवाला है, जो खड़ा होकर बोल सके, 'मैं इस आदेश का पालन नहीं करूंगा, क्योंकि यह गलत है?'

हुमा कुरैशी ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज की तस्वीरें मेरे जहन में लंबे समय तक रहेंगी। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर इतनी बेरहमी और लाठियों का इस्तेमाल होते देख मुझे बहुत दुख हुआ। इसे निश्चित रूप से ज्यादा सब्र, लोगों की बात सुनने और बातचीत के जरिए संभाला जा सकता था।

उन्होंने आगे लिखा हम भारत के लोगों ने ही इस सरकार को चुना है और आज हम सभी को सवाल पूछने और जवाबदेही की उम्मीद करने की जरूरत है। हम एक बहुत बड़ा और विविधताओं वाला देश हैं। जरूरी नहीं कि हम हर मुद्दे पर सहमत हों, लेकिन हम निश्चित रूप से इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि बल प्रयोग करने से पहले हर नागरिक की बात सम्मान के साथ सुनी जानी चाहिए। हुमा ने अंत में कहा कि हर उस छात्र और नागरिक का सम्मान है, जिन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मान्यताओं के लिए खड़े होने का फैसला किया। जय हिंद।

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, हिंसा समाधान नहीं है। भूमि पेडनेकर बोलीं- हिंसा समाधान नहीं है भूमि ने कहा कि देश का अपने युवाओं के प्रति यह फर्ज है कि वह यह सुनिश्चित करे कि आंदोलन हिंसक न हो और अपने मकसद से न भटके। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र बातचीत से ही बनते हैं। भूमि ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की भी मांग की और पेपर लीक, परीक्षा में विफलता, समान अवसर न मिलना, शिक्षकों की कमी और छात्रों पर पड़ने वाले दबाव जैसे मुद्दों को उठाया, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

## प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई

कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 22 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

कश्चित् कस्यचिन्मित्रं, न कश्चित् कस्यचित् रिपु:।
अर्थतस्तु निबध्यन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा॥

**भावार्थ** : न कोई किसी का मित्र है और न ही शत्रु, कार्यवश ही लोग मित्र और शत्रु बनते हैं।

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववणेषु साक्षिभिः॥

**भावार्थ** : सत्य वचन से साक्षी पावन बनता है, सत्य से धर्म बढ़ता है। इस लिए सभी वर्णों में, साक्षी ने सत्य ही बोलना चाहिए।

## सम्पादकीयम्


### इंडिया इत्यत्र

ममता बनर्जी इत्यस्याः समक्षं द्वयात्मका आव्हाना अस्ति यत् स्वपक्षस्य उद्धाराय युद्धं कुर्वन् विपक्षस्य एकतायाः सन्देशं प्रक्षेपणं करोति। इंडिया इत्यत्र विपक्षस्य एकतां निमातुं प्रयत्नानाम् मध्ये। ममता बनर्जी इत्यस्याः दलं गम्भीरसंकटेन सह ग्रस्तं दृश्यते। विधानसभानिर्वाचने पराजयानन्तरं यः विद्रोहः आरब्धः सः अधुना संसदसदस्यानां पङ्क्तिं प्राप्तवान् अस्ति। अनेकनेतृणां असन्तुष्टिः, विभाजनस्य खतरा च ममतायाः कृते दलं एकीकृत्य स्थापयितुं प्रमुखा आव्हानं जातम्-एषा स्थितिः राष्ट्रियराजनीतिषु अपि प्रभावं कर्तुं शक्नोति। ममता बनर्जी यदा दिल्लीनगरे इंडिया. ब्लॉक मीटिंग तस्याः दलं राजधानीयां विभक्तं प्रति धारं गच्छति स्म। विधानसभानिर्वाचनहारस्य अनन्तरं टीएमसी-अन्तर्गतं विद्रोहः पूर्वमेव उद्भूतः आसीत्, यत्र ५८ विधायकाः पृथक गुटं निर्मितवन्तः। अधुना एषः दरारः संसदीयदलपर्यन्तं विस्तृतः इति दृश्यते। सांसदानां मध्ये विभाजनम्ः सोमवासरे तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य कृते अन्यत् कठिनपरीक्षा आनयत्। समाचारानुसारं दलस्य विद्रोही सांसदाः भाजपास्य वरिष्ठनेता, केन्द्रीयमन्त्री भूपेन्द्रयादवस्य निवासस्थाने मिलितवन्तः। विद्रोही टीएमसी-सांसदः काकोली घोषः दावान् करोति यत् टीएमसी-सांसदः २० प्रायः तया सह सन्ति, तेन एनडीए-पक्षस्य समर्थनं विस्तारयितुं निर्णयः कृतः; अस्य विषये।

## भारतस्य प्रथमः विक्रम-१ रॉकेटप्रक्षेपणः इतिहासः निर्मितः

# ४५० कि.मी. पर्यन्तं पेलोड् स्थापयितुं विश्वस्य तृतीयं राष्ट्रं भवति रॉकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



भारतस्य प्रथमः निजीविकसितः कक्षीयवर्गस्य रॉकेटः विक्रम-१ इति श्रीहरिकोटानगरस्य सतीशधवन-अन्तरिक्षकेन्द्रात् प्रक्षेपितः। विक्रम-१ अन्तरिक्षे स्वनिर्दिष्टकक्षां सफलतया प्राप्तवती अस्ति। एतेन ऐतिहासिकेन उपलब्ध्या भारतं निजीक्षेत्रस्य अन्तः कक्षाप्रक्षेपणक्षमतायुक्तः विश्वस्य तृतीयः देशः अभवत्।

हैदराबाद-नगरस्य स्काईरूट् एरोस्पेस् इति कम्पनीद्वारा अस्य रॉकेटस्य विकासः कृतः। स्काईरूट् एरोस्पेस इत्यनेन स्वस्य आधिकारिक-एक्स् (पूर्वं ट्विट्टं)-हैण्डल्-इत्यत्र एकस्मिन् पोस्ट्-मध्ये भारतस्य प्रथमः निजी-कक्षा-रॉकेट्-विक्रम-१ (टेस्ट्-फ्लाईट्-१) इति निर्धारित-कक्षां सफलतया प्राप्तम् इति घोषितम् अन्तिमदहनं (इन्धनदहनचरणं) सम्पन्नं कृत्वा रॉकेट् पृथिव्याः उपरि प्रायः ४५० किलोमीट ऊर्ध्वतायां स्वस्य पेलोड् नियोजितवान्। एतया ऐतिहासिकसफलतायाः कारणात् भारतं निजीक्षेत्रस्य कक्षाप्रक्षेपणक्षमतां प्राप्तुं वैश्विकरूपेण तृतीयं राष्ट्रं जातम्।

विक्रम-१ त्रयः ठोस-इन्धन-चरणैः, द्रव-कक्षा-समायोजन-मॉड्यूलेन च सुसज्जितम् अस्ति। अस्य मिशनस्य उद्देश्यं ६० डिग्री प्रवणतायाः सह ४५० किलोमीट ऊर्ध्वतायां निम्नपृथिवीकक्षायां ३५० किलोग्रामपर्यन्तं पेलोड् स्थापयितुं वर्तते स्काईरूट् इत्यनेन इत्यत्र पोस्ट् कृतम् यत् लिफ्ट-ऑफ! विक्रम-१ श्रीहरिकोटा-पैड्-तः उड्डयनं कृतवान्। भारतस्य प्रथमः निजीरूपेण विकसितः कक्षीय-रॉकेटः वायुयानः अस्ति। इतिहासः निर्मितः अस्ति अन्यस्मिन् पोस्ट् मध्ये स्काईरूट् इत्यनेन गोपुरात् सुरक्षितं पृथक्त्वं टिप्पणीकृतम् यत् मध्ये विक्रम-1 टेस्ट् फ्लाइट्-1 प्रक्षेपणगोपुरात् पृथक अभवत् इति।

स्काईरूट् इत्यनेन अपि उक्तं यत् चरणस्य प्रथमस्य पृथक्करणं सफलम् इति। कलाम-१२००-विक्रम-१ परीक्षण-उड्डयन-१ इत्यस्य ठोसः प्रथमः चरणः-रॉकेटं वायुमण्डलस्य सघनतमभागात् बहिः प्रेरितवान्, सुचारुतया पृथक च अभवत् ततः पेलोड् फेयरिंग विच्छिन्नः अभवत्, वायुमण्डलीय आरोहणस्य समये पेलोड् रक्षितं रक्षात्मकं कवचं पातयित्वा उपग्रहाः प्रथमवारं अन्तरिक्षं प्राप्तुं शक्नुवन्ति स्म स्काईरूट् इत्यनेन एक्स पोस्ट् मध्ये घोषितं यत् स्टेज 2 पृथक अभवत्। कलाम-२५० स्वस्य दाहं सम्पन्नं कृत्वा विरक्तः अभवत्, कक्षायाः प्रति अग्रिमस्य धक्कायाः मार्गं प्रशस्तं कृतवान्। इदानीं तृतीयः चरणः प्रज्वलितः अस्ति; कलाम-१००-उच्च-उच्चता-सञ्चालनार्थं डिजाइनं कृतं लघुतमं ठोस-मञ्चं-विक्रम-१ परीक्षण-उड्डयन-१ कृते कक्षां प्रति अग्रिम-प्रमुख-जोशं प्रदातुं अग्निम् अयच्छत्। स्काईरूट् एरोस्पेस् इत्यनेन विकसितं विक्रम-१ ३५० किलोग्रामपर्यन्तं पेलोड् लो-अर्थ-कक्षायां वितरितुं समर्थम् अस्ति। सर्वकार्बन-समष्टि-संरचनायाः, ठोस-इन्धन-वर्धकैः, 3डी-मुद्रित-तरल-इञ्जिनैः च निर्मितं एतत् प्रक्षेपण-वाहनं भारतस्य निजी-अन्तरिक्ष-उद्योगस्य कृते महत्त्वपूर्णं मीलपत्थरं प्रतिनिधियति प्रथमे कार्ये ४५० किलोमीर्ट यावत् कक्षायां।

## खत्रोन के खिलाडी १५

# इत्यस्य नवीन विमोचनतिथिः घोषिता

### रोहित शेट्टी इत्यस्य शो अस्मिन् तिथौ आरभ्यत इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

स्टन्ट्-आधारितस्य रियलिटी शो 'खत्रोन के खिलाडी १५' इत्यस्य उत्सुकतापूर्वकं प्रतीक्षमाणानां दर्शकानां किञ्चित् अधिकं प्रतीक्षा कर्तव्या भविष्यति। शो इत्यस्य निमार्तारः प्रीमियर-कार्यक्रमस्य संशोधनं कृत्वा नूतनं रिलीज-तिथिं घोषितवन्तः। यद्यपि मूलतः २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य २५ दिनाङ्कात् आरभ्य अस्य कार्यक्रमस्य प्रसारणं निर्धारितम् आसीत् तथापि अधुना २०२६ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासस्य १ दिनाङ्के अस्य प्रदर्शनस्य प्रीमियरं भविष्यति। स्वस्य आधिकारिक-सोशल-मीडिया-हैण्डल्-मध्ये नूतनं प्रोमो-प्रकाशनं कृत्वा निमार्तारः घोषितवन्तः यत् 'खत्रोन् के खिलाडी १५' प्रतिशनिवासरे रविवासरे च रात्रौ ९ वादने कलर्स तथा जियोहॉटस्टार इत्यत्र प्रसारितः भविष्यति। प्रोमो-सहितस्य सन्देशे उक्तं यत् भयस्य नूतनः युगः आरभ्यते, यत्र प्रतियोगिभिः चुनौतीपूर्णं स्टन्ट्-समाप्त्यर्थं सर्वं जोखिमं दातव्यम्। पुनः एकवारं चलच्चित्रनिमार्ता एक्शनविशेषज्ञः च रोहितशेट्टी शो इत्यस्य आतिथ्यं करिष्यति। सः प्रतियोगिनां साहसं, धैर्यं, मानसिकधैर्यं च परीक्षेत यदा ते खतरनाकं रोमाञ्चकारीं च स्टन्ट् कुर्वन्ति। उच्चजोखिमकार्यैः रोमाञ्चकारीभिः स्पर्धाभिः च प्रसिद्धः अयं शो भारतीयदूरदर्शनस्य लोकप्रियतमेषु वास्तविकताकार्यक्रमेषु अन्यतमः अस्ति। टीवी-डिजिटल-जगतः अनेके प्रमुखाः व्यक्तित्वाः अस्मिन् सत्रे 'खत्रोन् के खिलाडी १५' इत्यस्मिन् कार्यक्रमे भागं गृह्णन्ति। प्रतियोगिनां सूचीयां गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, करण वाही, ऋत्विक धनजनी, अविनाश मिश्रा, जैस्मीन भसीन, हर्षगुजराल, विशाल आदित्यसिंह, अविका गोर, शगुन शर्मा, फरहाना भाट, सोशल मीडिया सनसनी ओरी (ओरहन आवात्रामणि) च सन्ति।

### इदमपि संकेतं ददाति यत् न्यायिकसंस्था स्वस्य अधिकारिणां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

महत्त्वपूर्णं कदमम् इति दृश्यते। इदमपि संकेतं ददाति यत् न्यायिकसंस्था स्वस्य अधिकारिणां विरुद्धं शिकायतां वा शङ्कितदुराचारस्य प्रसङ्गेषु वा सतर्कताजाँचः अनुशासनात्मककार्यवाही च आरभ्यतुं न लज्जते। इदानीं कृते वीणारानीविरुद्धं सतर्कताजाँचः प्रचलति, अनुशासनात्मककार्यवाहीविषये अन्तिमनिर्णयः च जाँचप्रतिवेदनस्य प्रस्तुतीकरणानन्तरं एव क्रियते। यावत् अन्वेषणस्य समाप्तिः न भवति तावत् आरोपानाम् अथवा सम्भाव्य अनियमितानां विषये कोऽपि आधिकारिकः निष्कर्षः न घोषितः। अस्मिन् सन्दर्भे प्रकरणं केवलं प्रस्तावितायाः।

### राशिफल

**मेष** : दोस्तों-परिवार से सपोर्ट मिल सकता है, जो आपको शांत और अच्छे कॉन्फिडेंस के साथ लगातार आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**वृषभ** : क्लियर डिसीजन लें। प्रोग्रेस, काम और पर्सनल लाइफ में अगले कदमों के लिए क्लियर रास्ता मिलने की उम्मीद करें।

**मिथुन** : क्लियर बोलें और दूसरों की सुनें भी। छोटी-छोटी बातें और छोटे-छोटे नोट्स मददगार प्लान बना सकते हैं।

**कर्क** : बातचीत को मजेदार बनाए रखने के लिए आसान सवाल पूछने और छोटी-छोटी कहानियां शेयर करने की कोशिश करें।

**सिंह** : अपने प्लान परिवार के साथ शेयर करें और अपने दिनों को आसान बनाने के लिए मददगार सलाह मानें।

**कन्या** : दोस्ताना बातचीत से दिक्कतें सॉल्व करने में मदद मिलती है और आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं।

**तुला** : आप लगातार काम करेंगे। छोटी-छोटी जीत भी देख सकते हैं। आपको खुश रखते हैं।

**वृश्चिक** : छोटे छोटे सीखने वाले काम और छोटे क्रिएटिव प्रोजेक्ट आजमाएं।व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**धनु** : धीमी तरक्की पर भरोसा करें। लगातार कोशिश करने से अच्छे नतीजे और शांति मिलेगी।


**मकर** : बात करते समय सब्र रखें। घर का मामला स्टेबल लगता है, सोच-समझकर उठाए गए कदमों से काम बेहतर होता है।

**कुंभ** : आज आप ज्यादा शांत महसूस करेंगे। दोस्तों से अच्छा सपोर्ट मिलेगा। अपने लक्ष्यों और उम्मीद पर फिर से ध्यान लगेगा।

**मीन** : छोटे-छोटे एक्सपेरिमेंट करें, और मजेदार काम के बाद अब खुशी से आराम करें। आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहने वाली है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 29 जुलाई से इन 4 राशियों की खुलेगी किस्मत, प्रेम-धन और करियर में मिलेगा बंपर लाभ



ज्योतिष शास्त्र में शुक्र देव को भौतिक सुख-सुविधाओं, प्रेम, रोमांस, सौंदर्य और कला का स्वामी माना गया है। यही वजह है कि जब भी यह ग्रह अपनी चाल या नक्षत्र बदलता है, इसका प्रभाव लगभग हर राशि पर किसी न किसी रूप में जरूर पड़ता है। इस बार 29 जुलाई की सुबह ठीक 4:56 बजे शुक्र देव पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र को अलविदा कहकर उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में दाखिल होंगे, और सूर्य के प्रभाव क्षेत्र में रहते हुए यह स्थिति 11 अगस्त तक बनी रहेगी। लगभग दो सप्ताह तक चलने वाला यह गोचर वैसे तो सभी राशियों को प्रभावित करेगा, लेकिन ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार चार राशियां ऐसी हैं जिनकी किस्मत इस दौरान खासतौर पर चमकने वाली है। तो चलिए जानते हैं कि ये सौभाग्यशाली राशियां कौन-सी हैं और शुक्र का यह गोचर उनके लिए क्या लेकर आ रहा है।

**वृषभ राशि-** शुक्र ग्रह वृषभ राशि के स्वामी हैं, इसलिए इस गोचर का असर इस राशि पर सबसे गहरा और सकारात्मक रहने की उम्मीद है। जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उनके हाथ कोई मुनाफे वाला बड़ा सौदा लग सकता है, जबकि नौकरी करने वालों को तरक्की के रूप में नई और बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस पूरे दौर में आत्मविश्वास इतना बढ़ा हुआ रहेगा कि बड़े से बड़ा फैसला लेना भी आसान महसूस होगा और आगे चलकर यही फैसले फायदेमंद साबित होंगे। जो आर्थिक उलझनें महीनों से पीछा नहीं छोड़ रही थीं, वे भी अब सुलझती नजर आएंगी, और परिवार का साथ मिलने से मन को एक सुकून भरा एहसास होगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए यह गोचर जीवन में एक ताजगी भरा मोड़ लेकर आएगा। भीतर से बढ़ा हुआ आत्मविश्वास उन कामों को पूरा करने में मदद करेगा जो लंबे समय से टलते आ रहे थे। रिश्तों की बात करें तो चाहे शादीशुदा जिंदगी हो या प्रेम संबंध, दोनों में गहराई और अपनापन बढ़ने की पूरी संभावना है। इस दौरान व्यक्तित्व का आकर्षण भी स्वाभाविक रूप से निखरेगा, जिससे सामाजिक दायरे में सम्मान और पहचान दोनों बढ़ेंगे। अगर घर, प्लॉट या किसी अन्य संपत्ति को खरीदने की योजना पहले से बन रही है, तो उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए यह समय काफी अनुकूल रहेगा।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए शुक्र का यह गोचर किसी वरदान से कम नहीं होगा। जो सिंगल हैं, उनकी जिंदगी में किसी नए प्रेम प्रसंग की शुरूआत हो सकती है, जबकि पहले से किसी रिश्ते में बंधे लोगों का साथी उनके और करीब आएगा। संतान से जुड़ी कोई खुशखबरी भी इस दौरान मिल सकती है। इसके साथ ही धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मन का रुझान बढ़ेगा, और यही सकारात्मक सोच जीवन के हर मोर्चे पर सफलता की राह खोलने में मददगार साबित होगी। नौकरीपेशा जातकों के लिए भी यह समय खास है। पदोन्नति, वेतन बढ़ोतरी या किसी नए अवसर के मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए यह पूरा दौर आर्थिक रूप से खासा फायदेमंद साबित हो सकता है। धन से जुड़े हालात सुधरेंगे, और कोई बड़ा वित्तीय कदम उठाने के लिए न सिर्फ सही मौका मिलेगा बल्कि उसे उठाने का साहस भी बना रहेगा। पहले किए गए निवेश भी अब अच्छा रिटर्न देते नजर आ सकते हैं। जिंदगी में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा, जिसका असर सीधे तौर पर करियर पर भी दिखाई देगा। प्रेम संबंधों में भरोसा और अपनापन गहरा होगा, जिससे रिश्ता पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनेगा। कुल मिलाकर 11 अगस्त तक चलने वाला यह समय मकर राशि वालों के लिए सुख, समृद्धि और आगे बढ़ने के संदेश के साथ आ रहा है।

### पीवी सिंधु ने लिखा- वे मिले और कुछ समझाया, इससे नजरिया बदला, सिंधु ने 2 साल बाद टूर्नामेंट जीता

# सिंधु ने कमबैक का क्रेडिट विराट को दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन





2 बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने अपनी दमदार वापसी का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को दिया है। उन्होंने 2 दिन पहले शनिवार को जापान ओपन सुपर-750 का खिताब जीता। सिंधु ने करीब 2 साल बाद कोई खिताब जीता था। इससे पहले वे करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही थीं।

31 साल की पीवी सिंधु ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कमबैक में कोहली की भूमिका का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि करियर के सबसे मुश्किल दौर में उन्होंने विराट से सलाह ली थी और उनकी एक सीख ने पूरी सोच बदल दी।

**सिंधु की नजर वर्ल्ड चैंपियनशिप पर-** अब सिंधु की नजर चीन ओपन, विश्व चैंपियनशिप और लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 पर है। उनके पति वेंकट दत्ता साई का कहना है कि टीम का अंतिम लक्ष्य अभी भी ओलिंपिक स्वर्ण पदक जीतना है।

### सिंधु की 2 बातें

सिंधु ने लिखा- मैंने लगातार चोटों, खराब प्रदर्शन और मानसिक दबाव के बीच विराट कोहली से संपर्क किया। कोहली ने कुछ ही मिनटों में जवाब दिया और अगले दिन उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके पति वेंकट दत्ता साई भी मौजूद थे।

सिंधु ने कहा- चोट के दौरान कई बार आत्मविश्वास डगमगाया, लेकिन मैंने खुद पर भरोसा नहीं खोया। जापान ओपन का यह खिताब केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि इस बात का सबूत है कि मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ है।

### सिंधु की वापसी में किसका क्या योगदान?

- **कोहली, ट्रॉफी के पीछे भागने के बजाय खेल में खुशी तलाशने की सलाह दी-** सिंधु ने कहा कि उस मुलाकात में हुई बातचीत निजी रहेगी, लेकिन विराट की सबसे बड़ी सीख थी कि ट्रॉफी के पीछे भागने के बजाय खेल में दोबारा खुशी तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह सुबह 5:30 बजे अभ्यास के लिए ट्रॉफी जीतने नहीं, बल्कि खेल के प्रति अपने जुनून की वजह से उठती हैं। इस मानसिक बदलाव के साथ सिंधु ने अपने खेल में कई सुधार किए। उन्होंने करीब 3.5 किलो वजन कम किया, नेट गेम को मजबूत बनाया, डेटा आधारित ट्रेनिंग अपनाई और इंडोनेशियाई कोच इरवांशाह व स्ट्रेंथ ट्रेनर वेन लोम्बार्ड के साथ फिटनेस पर विशेष काम किया।
- **पति वेंकट दत्ता; वापसी के लिए मेंटली तैयार किया-** पैर के लिगामेंट की चोट के बाद डॉक्टर दिनशॉ परदीवाला ने सिंधु को पूरा आराम करने की सलाह दी। इसके बाद दत्ता साई उन्हें अमेरिका के अटलांटा ले गए। जहां परिवार के बीच रहकर मानसिक रूप से सिंधु ने खुद को फिर से तैयार किया। पेरिस ओलिंपिक के बाद डेटा एनालिटिक्स की मदद से सिंधु के खेल का विश्लेषण किया। सात ट्रैकिंग डिवाइस के जरिए फिटनेस, हार्ट रेट, नींद, रिकवरी और ट्रेनिंग लोड की लगातार निगरानी की गई। लगभग 3.5 किलो वजन कम कराया गया, जबकि मसल्स बरकरार रखी गईं।
- **कोच इरवांशाह; गेम के कई पहलुओं में सुधार किया-** कोच इरवांशाह ने उनके नेट गेम, धैर्य और अटैकिंग पैटर्न पर काम किया। टीम ने अनफोर्स्ड एरर कम करने और लंबे समय तक उच्च स्तर पर खेलने की क्षमता विकसित करने पर फोकस किया। इन बदलाव का असर सिंधु के खेल में देखने को मिला। उन्होंने यामागुची को महज 50 मिनट में सीधे गेम में हरा दिया। उन्होंने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 चीनी खिलाड़ी चेन यूफेई को हराया।

### वर्ल्डकप फाइनल में प्लेयर्स की झड़प की जांच करेगा फीफा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

फीफा ने फुटबॉल वर्ल्डकप फाइनल के बाद खिलाड़ियों की झड़प की जांच शुरू कर दी है। इसमें दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों पर कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डिसिप्लिन कमेटी ने डिसिप्लिनरी एंड एथिक्स प्रॉसीक्यूटर नियुक्त किया है, जो संभावित नियम उल्लंघन की जांच करेगा। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। इसके बाद स्पेन के जश्न के दौरान अर्जेंटीना के लिएंड्रो परेडेस और थियागो अल्माडा, स्पेन के मिडफील्डर गावी से भिड़ गए। परेडेस पर एरिक गार्सिया की गर्दन पकड़ने का आरोप है। वहीं, नाहुएल मोलिना पर रोड्री की ओर मुक्का चलाने की कोशिश का आरोप है। इस दौरान निकोलस ओटामेंडी और रोड्री के बीच तीखी बहस हुई। अर्जेंटीना के सहायक कोच रॉबर्टो अयाला और दानी ओल्मो के बीच भी विवाद हुआ। फीफा अनुशासन संहिता के अनुच्छेद-14 के तहत हिंसक आचरण साबित होने पर खिलाड़ियों को न्यूनतम तीन आधिकारिक मैचों के लिए निलंबित किया जा सकता है।

# आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक पोरेल पर रेप का आरोप

### कोलकाता हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी के आदेश दिए डिवाइस जब्त करने को कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता



कोलकाता हाईकोर्ट ने रेप मामले में आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक पोरेल की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पुलिस को अभिषेक के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त करने का आदेश दिया है, ताकि कथित निजी फोटो और वीडियो शेयर ना किए जा सकें।

बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल पर एक महिला ने शादी का वादा कर संबंध बनाने और दोनों के निजी पलों की रिकॉर्डिंग करने के आरोप लगाए हैं। क्रिकेटर पर धमकियां देने के भी आरोप हैं। 23 साल के अभिषेक विकेटकीपर बैटर हैं। वे बंगाल के लिए 116 और आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 35 मैच खेल चुके हैं। दिल्ली ने उन्हें 4 करोड़ रुपए में रीटेन किया था। शिकायत के अनुसार अभिषेक पोरेल की महिला से जनवरी 2023 में पहचान हुई थी। महिला का आरोप है कि पोरेल उसे मंकुंडू स्थित अपने फ्लैट में ले गया और शादी का भरोसा देकर संबंध बनाए। बाद में उसे पता चला कि आरोपी के अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध थे। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि अभिषेक ने उसे अवैध रूप से रोके रखा, खाना नहीं दिया और अलग-थलग रखा गया। दो अप्रैल 2026 को दिल्ली में हुई कथित घटना के बाद उसकी शारीरिक स्थिति बिगड़ गई थी और उसे तत्काल इलाज कराना पड़ा। महिला ने फोन और सोशल मीडिया के जरिए धमकी मिलने का भी आरोप लगाया है। अदालत ने कहा- जांच के दौरान एक पेन ड्राइव जब्त की गई है, जिसमें अहम डिजिटल सामग्री होने की आशंका है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी और उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जब्ती आवश्यक है, ताकि कथित आपत्तिजनक डेटा को आगे शेयर होने से रोका जा सके।

## खबर एक नजर...

### बालिका के बयान से दुष्कर्म में बदला अपहरण का मामला

**उज्जैन।** महिदपुर रोड थाना क्षेत्र के ग्राम झुठावद से मई माह में लापता हुई 14 साल की बालिका को 2 माह बाद ग्राम बोराडा जिला अजमेर राजस्थान से दस्तयाब कर लिया गया। बालिका के लापता होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। बालिका के मिलने पर उसके बयान दर्ज करने के बाद प्रकरण में दुष्कर्म की धारा का इजाफा कर अपहरण करने वाले जीवन पिता जगदीश मेहर 22 साल निवासी ग्राम सांदला थाना भानपुरा मंदसौर को गिरफ्तार किया गया। एसआई प्रेम मालवीय ने बताया कि बालिका के परिजनों ने 2 दिनों तक उसकी तलाश करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। उसके बाद से पुलिस लगातार बालिका की तलाश कर रही थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे 2 माह बाद दस्तयाब करने में सफलता मिल पाई। आरोपी बालिका के भाईयों के साथ मजदूरी का काम करता था। राजस्थान में काम के दौरान हुई पहचान के बाद आरोपी बालिका के घर आने लगा था। उसी दौरान झांसा देकर वह बालिका को अपने साथ राजस्थान ले गया था। आरोपी से अपहरण में प्रयुक्त बाइक जप्त की गई। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### मोबाइल फार्मेट करने के बाद युवक खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** पंवासा थाना भवन के पीछे रहने वाले चिन्मय पिता रवि शुक्ला 20 वर्ष ने सोमवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि युवक के बयान दर्ज करने का प्रयास किया गया था, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। परिजनों के पूछने पर भी उसने ऐसे ही जहर खाने की बात कहीं। उसका मोबाइल चैक किया गया लेकिन जहर खाने से पहले उसने मोबाइल फार्मेट कर दिया था, जिसके चलते उसमें कुछ भी होना सामने नहीं आया। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कहना था कि गाड़ी के शोरूम पर काम करता था। घर में कोई परेशानी नहीं थी, आशंका जताई जा रही है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। जहरीला पदार्थ खाकर आतमहत्या के अन्य मामले भी सामने आये है। एक मामला भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खोरिया के रहने वाले हरीश उर्फ हरिकिशन पिता मायाराम 25 साल का है। हरीश ने सोमवार को जहर खाया था जिसकी निजी अस्पताल में मौत हुई। वहीं सुसनेर के ग्राम कजलास से जहरीला पदार्थ खाने पवित्राबाई पति प्रेमसिंह 45 साल को परिजन उज्जैन लेकर आये थे। जिसकी सोमवार-मंगलवार रात मौत हो गई। दोनों मामलों में जहर खाने का कारण सामने नहीं आया। परिजनों के बयान और जांच के बाद वजह सामने आ पायेगी।

### कार की डिक्की में छुपाकर रखी थी अवैध शराब

**उज्जैन।** खाचरौद थाना पुलिस ने रात में सर्कल भ्रमण के दौरान अवैध शराब परिवहन की खबर मिलने पर भाटखेड़ी रोड रेलवे पुलिया के पास नाकाबंदी की और मारुति स्वीफ्ट क्रमांक एमपी 13 एएम 1123 को रोका। उसमें पंकज पिता परमानंद निवासी रैदास कॉलोनी बरगुण्डा मोहल्ला खाचरोद सवार था। उसे हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसकी डिक्की में शराब की पेटियां रखी होना सामने आई। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि मामले में अवैध शराब परिवहन का मामला दर्ज कर आरोपी पंकज को गिरफ्तार किया गया। उससे बरमाद की गई शराब, कार और मोबाइल की कीमत 8.46 लाख से अधिक है। आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब के स्त्रोत का पता लगाया जा रहा है।

### गीता कालोनी से 70 साल की वृद्धा लापता

**उज्जैन।** गीता कालोनी से 70 साल की वृद्धा लापता हो गई। परिवार ने तलाश करने के बाद पुलिस को अवगत कराया। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि गीता कालोनी में रहने वाली ममता पति देवीलाल 70 वर्ष 19 जुलाई को घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने कई जगह तलाश की, नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। परिजनों का कहना था कि बुजुर्ग अवस्था के चलते उनका दिमागी संतुलन सही नहीं है। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। एक टीम लगातार तलाश में लगी है। कुछ दिन पहले भी जीवाजीगंज क्षेत्र से एक बुजुर्ग लापता हो गये थे, परिवार उन्हे तीर्थ यात्रा पर नहीं भेजा रहा था, उन्होने अपने खाते से कुछ रुपए निकाले थे उसके बाद से वापस नहीं लौटे। उक्त मामले में भी अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### 29 जुलाई तक मनेगा अष्टानिका महापर्व

**उज्जैन।** दिगंबर जैन समाज का अष्टानिका महापर्व मंगलवार से उल्लास के साथ शुरू हो गया है। इसके तहत लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में घट यात्रा, ध्वजारोहण और मंडल शुद्धिकरण के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान की शुरुआत हुई। यह महापर्व 21 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा। समाज सचिव सचिन कासलीवाल और मंदिर सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणीत सागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हो रहे हैं।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 337-3 | 290-1 |
| मेन बाजार | 250-7 | 679-2 |
| मिलन डे | 125-8 | 490-3 |
| मिलन नाइट | 120-3 | 179-7 |

5 8 0

---

फ्रीगंज में देखे गये कैमरों के फुटेज, जल्द हो सकता है खुलासा

# फिरौती के 10 लाख रुपये लेने वालों का मिला सुराग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

युवक का अपहरण कर फिरौती के 10 लाख लेने वाले मुख्य आरोपी का सुराग मिल गया है। उसके साथियों की तलाश में पुलिस की एक टीम दबिश के लिये रवाना की गई। संभावना है जल्द पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

नानाखेड़ा थाना पुलिस को सोमवार शाम नरवर के रहने वाले युवक ने अपना अपहरण होने और 50 लाख की फिरौती मांगने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि फिरौती की राशि 26 लाख तय होने के



बाद परिजनों ने 10 लाख रुपए फ्रीगंज में आकर दिये थे, उसके बाद उसे छोड़ा गया था, लेकिन 16 लाख के बदल उसकी कार, चेन और घड़ी अपने पास रख ली गई थी। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। मामले से जुड़े मुख्य आरोपी लोकेश शर्मा निवासी पंवासा का नाम सामने आया था, जिसका सुराग मिल गया है। उसके साथियों की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। जिनकी गिरफ्तारी होते ही मामले का खुलासा किया जायेगा। मुख्य आरोपी की तलाश में पंवासा में दबिश दी गई थी। विदित हो कि मुख्य आरोपी के हिन्दू संगठन से जुड़े होने की खबर समाने आई थी लेकिन पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन मुख्य आरोपी का अपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है।

#### अपहरण कर आंखों पर बांधी थी पट्टी

शिकायत दर्ज कराने वाले ने बताया कि उसका अपहरण 18 जुलाई को तपोभूमि के पास से किया गया था। अपहरण करने वाले 2 कार में आये थे। उसकी कार रोक मारपीट करने के बाद आंखों पर पट्टी बांध दी थी और अज्ञात स्थान पर ले गये थे। कार में उसका अश्लील वीडियो भी बनाया गया था, जिसे वायरल करने की धमकी देकर फिरौती की मांग की गई थी। एक दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा गया था।

#### युवती की भूमिका तलाश रही पुलिस

पूरा घटनाक्रम सिहोर की रहने वाली अंजली नाम युवती से इंस्टाग्राम पर चार दिन पहले हुई दोस्ती से जुड़ा होना सामने आया था। युवक ने बताया कि युवती ने उससे काम दिलाने की बात कहीं थी। उज्जैन आने पर वह दोस्त की होटल तक ले गया था, जहां काम की बात हुई थी। वापस लौटते वक्त उसकी कार को रोका गया और अपहरण किया गया। युवक ने युवती पर भी शंका जताई है। जिसकी भूमिका की जांच पुलिस कर रही है।

---

दोहरे हत्याकांड के आरोपियों की तलाश में दबिश

## शार्ट एनकाउंटर में घायल का अब जेल में होगा उपचार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

गोरकर परिवार और पासी समुदाय के बीच विवाद में दोहरा हत्याकांड हुआ था। पासी समुदाय के एक आरोपी ने पुलिस की पिस्टल छीनने का प्रयास किया था, जिसका शार्ट एनकाउंटर किया गया था। अब उसका उपचार जेल की सलाखों में होगा। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

नीलगंगा चौराहा पर 18 जुलाई की रात पासी समुदाय ने घातक हथियारों से गोरकर परिवार पर जानलेवा हमला कर



दिया था। हमले में गोरकर परिवार के 2 सगे भाई जय उर्फ जितेश और लोकेश की मौत हो गई थी। दोनों भाईयों के चाच दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान और चेचेरा भाई तपन घायल हुआ था। नीलगंगा थाना पुलिस ने एक महिला सहित 8 नामजद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर हमले में शामिल अन्यों की तलाश शुरू की थी। 19 जुलाई को हमले में शामिल एक आरोपी नरेश को लालपुल के पास पुलिस ने घेर लिया था। आरोपी ने एसआई से पिस्टल छीनने का प्रयास किया था, पुलिस ने उसका शार्ट एनकाउंटर कर दिया था। पैर में गोली लगने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से सोमवार शाम छुट्टी मिलने पर मंगलवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। अब उसका शेष उपचार जेल की सलाखों में होगा।

#### फरार आरोपियों की तलाश जारी

दोहरे हत्याकांड के बाद शार्ट एनकाउंटर में घायल आरोपी के साथ 4 अन्य आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। जिसमें एक महिला भी शामिल थी। चारों से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर उनकी गिरफ्तारी के लिये दबिश दी जा रही है। हमले में कुछ नाबालिग भी शामिल होना बताये जा रहे है। घटनाक्रम के बाद सामने आया था कि हमलावरों ने पिस्टल, कट्टे, तलवार, चाकू पाइप जैसे हथियारों से वार किये थे।

---

## नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर में विभिन्न सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार देर रात्रि निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक निमार्णाधीन सड़क का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपयंत्री को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए निगम आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के अनुकूल मौसम का लाभ उठाते हुए मार्ग के दोनों ओर साइड पोर्च पर पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए।

---

## अवैध वसूली में शामिल 5 माह से फरार बदमाश गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

खुद को महिदपुर का किंग बात कर अवैध वसूली का दबाव बनाने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पांच माह से उसकी तलाश की जा रही थी। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बदमाश शाहबुउद्दीन पिता मोईउद्दीन 32 साल निवासी आजाद गली केशरपुरा महिदपुर द्वारा अपने तीन साथियों के साथ पांच माह पूर्व अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला शाह निवासी फकीर मोहल्ला का रास्ता रोककर खुद को महिदपुर का किंग बताते हुए कहा था कि यदि महिदपुर में रहना है तो हमारे घर पर लगे सीटीटीवी कैमरों के मेंटनेंस का खर्चा हर माह तुझे देना पडेगा, अभी 10 हजार देना होंगे।



अब्दुल के मना करने पर चारों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर पूर्व में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया था। शाहबुउद्दीन लगातार महिदपुर तहसील से फरार चल रहा था। 5 माह बाद उसके महिदपुर आने की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जिसे एक दिन की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया और घटनास्थल की तस्दीक कराकर मारपीट में प्रयुक्त लोहे का पाइप जप्त किया गया। रिमांड खत्म होने पर मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, जानलेवा हमला, बलवा, चोरी, गालीगलौच, अवैध, हथियार, अवैध वसूली के 7 अपराध दर्ज है।

---

35 माह पहले गिरफ्त में आये थे गिरोह के 3 साथी

## दुकान से कपड़ों की चोरी करने वाला कंजर पकड़ाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कपड़ों की दुकान में हुई चोरी की वारदात में शामिल कंजर गिरोह के बदमाश को पुलिस ने 35 माह बाद घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। बदमाश के गिरोह में शामिल 3 साथी पूर्व में पकड़े गये थे। जिनसे इंगोरिया के साथ बड़नगर में हुई चोरियों का खुलासा हुआ था।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि 9 अगस्त 2023 को ग्राम चिकली में ओमप्रकाश सेट्टी की दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। बदमाश हजारों के कपड़े चुराकर ले गये थे। वारदात के बाद सामने आया था कि बदमाशों ने बड़नगर के ग्राम मौलाना में भी कुछ दुकानों में चोरी की है। बदमाशों का पता लगाने पर सीसीटीवी कैमरों में कार दिखाई दी थी। जिसके आधार पर देवास के टोंककलां कंजर डेरे में रहने वाले आकाश पिता कल्याण नागर, कल्याण पिता नाथुलाल नागर और



नगजीराम पिता प्रतापसिंह सिसोदिया जाति कंजर को गिरफ्तार किया गया था। उनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त कार और चोरी का माल बरामद किया जा चुका था। तीनों ने अपने साथी अरुण पिता इंदरसिंह चौहान कंजर निवासी ग्राम ओड़ थाना सोनकच्छ जिला देवास के साथ चोरी करना कबूल किया था। अरूण की लगातार तलाश की जा रही थी, उसकी गिरफ्तार पर इनाम घोषित किया गया था। 35 माह बाद खबर मिली कि अरूण कंजर ग्राम खड़ोतिया आया हुआ है। फरार इनामी आरोपी की घेराबंदी के लिये उपनिरीक्षक एमएल रावत, राजेन्द्र सिंह तोमर, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक रामलखन पटेल, नरेन्द्र सिंह परिहार की टीम को रवाना किया गया। फरार इनामी आरोपी ने घेराबंदी देख भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उसे दबोच लिया। मंगलवार को उसे बड़नगर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

---

## बाइक सवारों ने रात में 2 मजदूरों को मारी टक्कर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आगररोड और बड़नगर रोड पर सोमवार-मंगलवार रात 2 सड़क दुर्घटना हुई। बाइक सवारों ने पैदल गुजर रहे मजदूरी करने वालों को टक्कर मारी। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। 2 थानों की पुलिस बाइक सवारों का पता लगाने में जुटी है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि बड़नगर मार्ग शुभरतन गार्डन के पास आधी रात को बाइक सवार महिला-पुरूष ने पैदल गुजर रहे युवक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 घटनास्थल पहुंची। घायल को उपचार के लिये रात 2 बजे के लगभग उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया, जहां

#### बड़नगर-आगररोड पर दुर्घटना में घायलों की मौत




उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान करने पर पता चला कि आकाश पिता नारायण 30 साल निवासी सादलपुर धार का रहने वाला है। अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मंगलवार शाम परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा था कि आकाश मजदूरी करने के लिये धार से निकला था। इंगोरिया थाना प्रभारी के अनुसार दुर्घटना के बाइक सवार महिला-पुरूष को मामूली चोंट लगी थी, जो मौके से भाग निकले थे। उनका पता लगाया जा रहा है। दूसरा घटनाक्रम आगररोड गरोठ ब्रिज के पास का है। पैदल गुजर रहे बाबूलाल पिता शंकरलाल 52 साल निवासी चककमेड़ को रात में बाइक सवार ने टक्कर मारी थी। चिमनगंज थाना पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि बाबूलाल शराब दुकान से नशा कर निकला था, उसे अस्पताल लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करते थे और मूलरूप से महिदपुर के रहने वाले थे।

---

## रिक्शा चालक की करंट लगने से मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

#### चार्जिंग पर लगाते समय 24 घंटे में दूसरी घटना

कामदारपुरा में मंगलवार रात 8 बजे रिक्शा चार्जिंग पर लगाते समय चालक को करंट लगा गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ऐसा ही हादसा सोमवार शाम नीलगंगा क्षेत्र से भी सामने आया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि कामदारपुरा में रिक्शा चार्जिंग पर लगते समय करंट लगने से मोहम्मद समीर पिता मोहम्मद रफीक 25 साल की मौत होने की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। उसे चरक अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। मामले में मर्ग कायम किया गया, बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि रिक्शा कंपनी से मिली चार्जिंग केबल को लम्बा करने के लिये उसमें कट लगाकर दूसरा तार जोड़ा गया था। जोड़ खुला होने की वजह से मोहम्मद समीर को करंट लगा है। जिसका खुलासा जांच के बाद हो पायेगा। रात में हुई घटना से पहले सोमवार रात नीलगंगा थाना क्षेत्र के कवेलू कारखाने के पास भी रिक्शा चालक आनंद पिता लखन 20 साल की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया था। जिसकी जांच नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। यहीं नहीं 13 जुलाई की रात भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के आबूखाना का रहने वाला रिक्शा चालक मनोहर पिता मेहरबान चार्जिंग पर लगाते समय करंट की चपेट में आने से मरा गया था।

---

# राष्ट्रीय आपदा टीम ने दिया जीवन रक्षक बनने का प्रशिक्षण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने मंगलवार को 32 वी वाहिनी में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 55 जवानों को आपदा में जीवन रक्षक कैसे बने इसका प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ की 11 वीं बटालियन की उप टीम के निरीक्षक/जीडी श्रीनिवास मीना ने बताया कि क्षमता निर्माण कार्यक्रम में 10 बचावकर्मियों की टीम द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जवानों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल




सिखाना था। एनडीआरएफ की टीम ने आपदा का अर्थ, उसके प्रकार और एनडीआरएफ की भूमिका, जीवन रक्षक कौशल, बचाव तकनीक, सुरक्षा जागरूकता, अग्निशमन, तकनीकी ज्ञान से कार्यक्रम में शामिल 55 जवानों को प्रशिक्षण दिया। जवानों को बताया गया कि आपात स्थिति में सीपीआर, एफबीएओ, रक्तस्त्राव को नियंत्रित करना, ड्रेसिंग और बैंडेजिंग कैसे करना चाहिये। इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थिति में घायल को ले जाने के तरीके, और फ्लोटिंग डिवाइस का उपयोग बताया गया। भूंकप ड्रील, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार और आकाशीय बिजली गिरने पर सुरक्षा कैसे की जाये इसके तरीको से अवगत कराया गया। कार्यक्रम 32 वी वाहिनी के निरीक्षक साजित मिन्स की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

**32 वी वाहिनी में रोपे गये पौधे-** जवानों को आपदा प्रबंधन के गुरू सीखाने के साथ नागझिरी स्थित 32 वी वाहिनी परिसर में एनडीआरएफ की टीम ने वाराणासी के बचावकर्मियों के साथ एक पेड मां के नाम अभियान में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को सुदृढ़ बनाना था। इस दौरान एनडीआरएफ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुये रोपे गये पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com